वर्ष 23, अंक 224, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित
नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 08 सितम्बर 2024
विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ दीन दयाल शोध संस्थान, चित्रकूट में भारत रत्न नानाजी देशमुख को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए

### राष्ट्रवाद के साथ समझौता, देश के साथ चरम धोखा- उपराष्ट्रपति

### शिक्षा बदलाव का केंद्र है- धनखड़

## आज का भारत वह नहीं है जो दस साल पहले था - उपराष्ट्रपति

**गोरखपुर**

**उपराष्ट्रपति**, जगदीप धनखड़ ने आज नागरिकों को राष्ट्रवाद पर समझौता करने के खिलाफ सावधान करते हुए इसे "राष्ट्र के साथ चरम धोखा" करार दिया। उन्होंने कहा, "जहां भी कोई राष्ट्र पर प्रश्न चिन्ह उठाएगा तो हमें उसे बर्दाश्त नहीं करना है।"

उपराष्ट्रपति ने यह रेखांकित करते हुए कि राष्ट्र के प्रति कर्तव्य को हमेशा स्वार्थ और राजनीतिक हित से ऊपर रखना चाहिए, उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा करने में विफलता भारत की हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत पर हमला होगा।

उत्तर प्रदेश में आज सैनिक स्कूल गोरखपुर के उद्घाटन पर मुख्य भाषण देते हुए, उपराष्ट्रपति ने सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में



अपने छात्र जीवन के दिनों को याद किया, और उनके जीवन को आकार देने में सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, "मेरा जन्म ग्राम किठाना में हुआ था पर मेरा असली जन्म सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में हुआ था।"

परिवर्तन के सबसे प्रभावशाली माध्यम शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए, श्री धनखड़ ने इसे व्यक्तियों के जीवन में नियंत्रण करने के लिए महत्वपूर्ण बताया साथ ही उन्होंने समाज में व्यापक रूप से फैली असमानता और कुरीतियों को समाप्त करने में भी शिक्षा की अहम भूमिका को उजागर किया।

आज वैश्विक मंच पर भारत की विशिष्ट पहचान की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए, उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी के योगदान को स्वीकार किया जो "देश को एक ऐसे मार्ग पर ले जा रहे हैं जिसे पूरा विश्व पहचानता है।" श्री धनखड़ ने कहा, "आज का भारत वह नहीं है जो दस साल पहले था। अनुच्छेद 370, जिसे संविधान निमार्ताओं ने अस्थायी कहा था, उसे कुछ लोग स्थायी मान बैठे थे। इस दशक में उसको विलुप्त कर दिया गया है। यह आज का भारत है।"

गोरखपुर में नए सैनिक स्कूल की स्थापना पर सराहना व्यक्त करते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह स्कूल भावी पीढ़ियों के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। श्री धनखड़ ने विस्तार से बताया, "यह अन्य राज्यों तथा पूरे देश के लिए एक मानक स्थापित करेगा।"

सुशासन और कानून के शासन को बनाए रखने में उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कदमों को रेखांकित करते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा, "देश में बह रही विकास की गंगा में उत्तर प्रदेश की निरंतर भागीदारी राष्ट्र निर्माण में एक बड़ा योगदान दे रही है।" कैडेटों को संबोधित करते हुए, उपराष्ट्रपति ने उन्हें अपने मन से डर के डर को मिटाने का आग्रह किया। चंद्रयान-3 की सफलता चंद्रयान-2 से मिले सबक पर आधारित थी, इस बात का वर्णन करते हुए श्री धनखड़ ने कहा, "असफलता सफलता के शुरूआती केंद्र है।

## असम के 2,200 करोड़ के ऑनलाइन स्कैम मामले में एक और गिरफ्तार

**गुवाहाटी। असम** पुलिस ने शनिवार को 2,200 करोड़ रुपये के ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाला मामले में एक और गिरफ्तारी की है। पुलिस ने जोरहाट जिले के टिटाबोर इलाके से एक और शख्स को गिरफ्तार किया है, जो ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले में कथित तौर पर शामिल है।

अधिकारियों ने शनिवार को गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि शख्स की पहचान अविनाश परधिया के रूप में हुई है। उसे टिटाबोर शहर के बोरहोला इलाके से गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह व्यक्ति की गिरफ्तारी उसके घर से की गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अविनाश परधिया अपने घर से ट्यूशन सेंटर चलाता है और वह गुड लक ट्यूटर सेंटर प्राइवेट लिमिटेड की आड़ में ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाला चला रहा था।

पुलिस ने दावा किया कि गिरफ्तार किए गए शख्स ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए लोगों को अधिक रिटर्न देने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी की है।

इससे पहले असम पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले के मामले में राज्य में छापा मारकर 38 लोगों को गिरफ्तार किया था।

## भाजपा सदस्यता अभियान : अब तक सवा करोड़ से ज्यादा लोग बन चुके हैं पार्टी के सदस्य : जेपी नड्डा

**पटना/नई दिल्ली। भाजपा** का राष्ट्रीय सदस्यता अभियान देशभर में जोर-शोर से चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित पार्टी के तमाम बड़े नेताओं से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ता तक सदस्यता अभियान को कामयाब बनाने में जुटे हैं। इस बीच पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया है कि अब तक सवा करोड़ से ज्यादा लोग भाजपा के सदस्य बन चुके हैं।

आपको बता दें कि, इस बार 10 करोड़ से ज्यादा सदस्य बनाने के



लक्ष्य के साथ देशभर में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान का पहला चरण 25 सितंबर तक चलना है। पार्टी की योजना के मुताबिक, पहले चरण की समीक्षा के बाद एक से 15 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान का दूसरा चरण चलाया जाएगा। 16 से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और सक्रिय सदस्यता अभियान के बाद पार्टी में बूथ स्तर से अध्यक्ष का चुनाव शुरू होगा, जो मंडल, जिला, राज्य और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव तक चलेगा। जेपी नड्डा ने बिहार की राजधानी पटना में अनुसूचित जाति परिवार के बीच आयोजित भाजपा के सदस्यता अभियान कार्यक्रम में शनिवार को कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 सितंबर 2024 को दिल्ली में भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया।

## 'शव देखकर भाग गया...,' पॉलीग्राफ टेस्ट में आरोपी संजय रॉय ने किए ये बड़े खुलासे

**कोलकाता**

**कोलकाता** के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप-मर्डर के मामले की जांच सीबीआई कर रही है. इस केस में रोजाना नए-नए खुलासे हो रहे हैं. हत्या के मुख्य आरोपी संजय रॉय ने पॉलीग्राफ टेस्ट के दौरान मामले में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है. इसके साथ ही उसने दावा किया है कि वह शव को देखने के बाद मौके से भाग गया था.

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, कोलकाता पुलिस और सीबीआई की शुरूआती जांच में ट्रेनी डॉक्टर



की हत्या के आरोपी संजय रॉय ने घटना के एक दिन बाद यानि कि 10 अगस्त को गिरफ्तार होने के बाद अपराध कबूल कर लिया था.

हालांकि, हाल ही में संजय रॉय ने यू-टर्न लेते हुए दावा किया कि उन्हें फंसाया जा रहा है और वह निर्दोष है।

## पाकिस्तानी सेना ने 25 साल बाद पहली बार कबूली कारगिल युद्ध में भागीदारी

**इस्लामाबादः पाकिस्तानी** सेना ने पहली बार सार्वजनिक रूप से भारत के खिलाफ 1999 में कारगिल युद्ध में अपनी भागीदारी को स्वीकार किया है। पाकिस्तान के रक्षा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने भारत के साथ युद्धों में मारे गए पाकिस्तानी सैनिकों को सम्मानित किया। इसमें कारगिल युद्ध में मारे गए पाकिस्तानी जवान भी शामिल हैं। हालांकि, आज से पहले पाकिस्तानी सेना कारगिल युद्ध में अपनी सीधी भागीदारी को स्वीकार करने से बचती रही है। रिटायर होने के बाद तत्कालीन आर्मी चीफ जनरल परवेज मुशर्रफ ने जरूर कारगिल युद्ध को लेकर अपनी गलतियों को स्वीकार किया था।



पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने क्या कहा

जनरल मुनीर ने कहा, "पाकिस्तानी समुदाय बहादुरों का समुदाय है जो स्वतंत्रता के महत्व और इसके लिए भुगतान करने के तरीके को समझता है। चाहे वह 1948, 1965, 1971 हो या 1999 का कारगिल युद्ध, हजारों सैनिकों ने देश और इस्लाम के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।" इसे पाकिस्तानी सेना का पिछले 25 साल में पहला कबूलनामा माना जा रहा है। इससे पहले पाकिस्तानी सेना के किसी भी जनरल ने पद पर रहते हुए कारगिल युद्ध को लेकर ऐसा स्पष्ट बयान नहीं दिया था।

क्या थी पाकिस्तान की आधिकारिक स्थिति

यह बयान पाकिस्तान के लंबे समय से चले आ रहे आधिकारिक बयान से अलग है। पाकिस्तान शुरू से दावा करता आया है कि कारगिल युद्ध में कश्मीरी उग्रवादी शामिल थे, जिन्हें वह मुजाहिदीन बताता है। इस कारण वह कारगिल युद्ध में मारे गए अपने सैनिकों के शवों को लेने से भी इनकार कर दिया था। जिसके बाद भारन ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ पाकिस्तानी सैनिकों का अंतिम संस्कार किया था।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, पांच लोगों की मौत



**इंफाल। मणिपुर** एक बार फिर हिंसा की आग में झुलस रहा है। शुक्रवार से शुरू हुई हिंसा शनिवार को दूसरे दिन भी जारी है। बताया जा रहा है कि हिंसा के दौरान मैतेई समुदाय के एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। इस घटना के जवाब में जिरीबाम जिले में चार कुकी उग्रवादियों को मार दिया गया है।

दरअसल, मणिपुर में हिंसा का ताजा दौर दक्षिणी असम से सटे जिरीबाम जिले के सेरो, मोलजोल, रशीदपुर और नुंगचप्पी गांवों से शुरू हुआ है। शनिवार सुबह 10 बजे तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। फायरिंग के कारण वहां हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं।

मणिपुर के जिरीबाम जिले में भड़की हिंसा को रोकने के लिए असम राइफल्स, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और मणिपुर पुलिस के कमांडो की टीम को तैनात किया गया है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने बीते मंगलवार को जिरीबाम जिले के अलग-अलग इलाकों में हमला करना शुरू किया था। इस दौरान मैतेई समुदाय के एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। पता चला है कि मृतक घटना के दौरान सो रहा था। अधिकारी के मुताबिक, बुजुर्ग की हत्या के बाद चार कुकी उग्रवादियों को मार दिया गया है। हालांकि, पुलिस की ओर से यह स्पष्ट नहीं है कि जवाबी हमला किसकी ओर से किया गया है।

कुकी आदिवासी नेताओं ने दावा किया कि मारे गए लोग उग्रवादी नहीं थे बल्कि वे ग्राम स्वयंसेवक थे।

इस बीच, मणिपुर सरकार ने शनिवार को राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने का आदेश दिया।

साथ ही तनावपूर्ण हालात को देखते हुए सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रहने और उग्रवाद रोधी अभियानों को तेज करने का आदेश दिया है।

## बिजली, इलाज, शिक्षा सबकुछ फ्री-फ्री-फ्री

**नई दिल्ली।**

सुनीता केजरीवाल ने कहा कि आपके बेटे और भाई अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब को बदला है और अब आप लोगों को उन्हें हरियाणा बदलने की ज़िम्मेदारी देनी है। 5 अक्टूबर के दिन आप सभी को ईवीएम में झाड़ू का बटन दबाकर आना है।

हरियाणा के भिवानी में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल का संवाद हुआ। इस दौरान उन्होंने हरियाणा वासियों के लिये पांच गारंटी का ऐलान भी किया। सुनीता



केजरीवाल ने कहा कि महिलाओं के लिए बस यात्रा निःशुल्क है। बुजुर्गों के लिए तीर्थयात्रा की व्यवस्था है। अब हर महिला को हर महीने हजारों रुपये देने की योजना है। आपके घर में हर महीने करीब 3 से 4 हजार रुपये की बचत होगी। दिल्ली और पंजाब में यही हो रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट रोकेगा इजरायल को हथियारों की आपूर्ति?

## CJI करेंगे ऐतिहासिक फैसला

**नई दिल्ली।**

याचिका में कहा गया है कि भारत विभिन्न अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संधियों से बंधा हुआ है जो भारत को युद्ध अपराधों के दोषी राज्यों को सैन्य हथियारों की आपूर्ति नहीं करने के लिए बाध्य करता है। भारत 1948 के नरसंहार कन्वेंशन (जिस पर भारत ने हस्ताक्षर और पुष्टि की है) के तहत नरसंहार को रोकने के लिए अपनी शक्ति के भीतर सभी उपाय करने के लिए बाध्य है।

मोदी सरकार के इजरायल को समर्थन को लेकर सियासत गर्म हो




गई है। विपक्ष इजरायल पर मोदी सरकार के रुख से सहमत नहीं है और अपनी आपत्ति लगातार दर्ज करा रहा है। लेकिन अब ये मुद्दा सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में एक याचिका भी दाखिल हो गई है। देश के पूर्व राजनयिकों, नौकरशाहों ने सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दाखिल करते हुए बड़ी मांग की है। याचिका में कोर्ट से केंद्र सरकार को ये निर्देश देने की मांग की गई है कि वो इजरायल को हथियार और अन्य सैन्य उपकरण उपलब्ध करने वाली भारतीय कंपनियों के लाइसेंस रद्द करे और उन्हें नए लाइसेंस भी न दे। याचिकाकर्ताओं ने मांग की है कि गाजा युद्ध के लिए इजरायल को निर्यात किए जा रहे युद्ध सामग्रियों पर तुरंत रोक लगाने का निर्देश दिया जाए। भारत को गाजा में इजरायल को युद्ध सहायता तुरंत निलंबित कर देनी चाहिए।

### 'इनकी क्या औकात, इन्होंने अपनी पत्नी...'

## बृजभूषण सिंह ने बजरंग पूनिया को बताया खलनायक

**हरियाणा**

**हरियाणा** विधानसभा चुनाव 2024 से पहले रेसलर विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने शुक्रवार को कांग्रेस का हाथ थाम लिया. इसके साथ ही कांग्रेस ने विनेश फोगाट को टिकट भी दे दिया है. वहीं इनके कांग्रेस में जाते ही भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह लगातार हमलावर हैं. इतना ही नहीं अब तो बीजेपी नेता बृजभूषण शरण सिंह ने बजरंग पूनिया को खलनायक भी बता दिया है.

गोंडा पहुंचे कैसरगंज से पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह द्वारा नंदिनी नगर महाविद्यालय के स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रतिभा सम्मान समारोह



का आयोजन किया गया था. जहां प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने विभिन्न बोर्ड के हजारों मेधावियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.

वहीं मीडिया से बात करते हुए पूर्व बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पहलवान बजरंग पूनिया को खलनायक बताते हुए कहा कि ये बजरंग पूनिया हरियाणा के नायक नहीं बल्कि खलनायक हैं. विशेष करके खिलाड़ियों के खलनायक हैं, जूनियर खिलाड़ियों के लिए खलनायक है. इन्होंने कोई आदर्श पैदा नहीं किया है. वहीं बृजभूषण शरण सिंह ने बजरंग पूनिया पर निशाना साधते हुए कहा कि बजरंग पूनिया की क्या हैसियत है वह हमसे बात करेंगे जिस आदमी ने अपनी पत्नी का इस्तेमाल कर दिया केवल कुश्ती संघ के पद के लिए और राजनीति के लिए कांग्रेस के लिए अपनी पत्नी का इस्तेमाल कर दिया और आज इस पत्नी को लेकर घूम रहा है.

## देश के हर कोने में सुनाई दे प्रेम की आवाज - राहुल गांधी

**नई दिल्ली।**

खड़गे ने आगे लिखा कि आर्थिक असमानताओं, महँगाई, बेरोजगारी, सामाजिक अन्याय, संविधान के विध्वंस, सत्ता के केंद्रीकरण के वास्तविक मुद्दों पर हमारा संघर्ष जारी है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी वर्षगांठ पर एक दिल छू लेने वाला वीडियो साझा किया और कहा कि इस यात्रा ने उन्हें मौन की सुंदरता सिखाई है। एक्स को संबोधित करते हुए गांधी



ने लिखा कि भारत जोड़ो यात्रा ने मुझे मौन की सुंदरता सिखाई। उत्साही भीड़ और नारों के बीच, मैंने शोर को शांत करने और वास्तव में सुनने के लिए अपने बगल वाले व्यक्ति पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने की शक्ति का पता लगाया।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर चला लाठी डंडा कंटवासा, दर्जन भर घायल

अखंड भारत संदेश







**जसरा।** घूरपुर थाना अंतर्गत सपहा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडा व कटवासा चला। जिसमें महिलाओं समेत दर्जनों लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा से एस आर एन प्रयागराज के लिए रेफर किया गया। घूरपुर थाना क्षेत्र के सपहा गांव में दो पक्षों में रास्ते को ले करके कई दिनों से विवाद चल रहा था। शनिवार की सुबह बात-बात में दोनों पक्षों में जो कहा सुनी शुरू हुई वह मारपीट के रूप में बदल गई। जिसमें पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी जम करके लाठी-डंडे के साथ मारपीट किया।जिसमें मुख्य रूप से शैलेंद्र पटेल पुत्र राजरूप पटेल, घनश्याम पटेल पुत्र रमाकांत पटेल ,विजयरानी पत्नी सुधाकर पटेल ,राजकुमारी पत्नी राजरूप पटेल,वीरेन्द्र पटेल पुत्र राजरूप पटेल तथा दूसरे पक्ष से शिवा पटेल पुत्र फूलचंद्र पटेल ,प्रभात सिंह पटेल पुत्र सत्य प्रकाश पटेल घायल हो गए। कई लोगों को प्रथम उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा से गंभीर रूप से घायलों को स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया । घटना को ले करके गांव में तनाव व्याप्त है।

## नई प्राथमिक शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर अनवरत धरना तीसरे दिन भी डंटे रहे अभ्यार्थी



**नैनी।** 6 वर्ष बीत जाने के उपरांत नई शिक्षक भर्ती न आने के कारण छात्र-छात्राओं में रोष है जिसको लेकर डीएलएड छात्रों ने शिक्षक दिवस पर महा धरना रखा गया और 5 सदस्यीय टीम को शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष कृति पांडेय से मुलाकात कर उनके द्वारा जल्द अधियाचन भेजने के लिए कहा गया है। छात्रों ने इस आश्वासन को न मानते हुए अनवरत धरना जारी रखने के लिए कहा और पत्थर गिरजाघर धरना स्थल पर दूसरे दिन भी सैकड़ों की संख्या में माँगो को लेकर अडिग रहे । धरना का नेतृत्व कर रहे डीएलएड अध्यक्ष रजत सिंह ने कहा कि अगर एक सप्ताह में माँग पूरा नहीं होता है तो जल्द महाधरना बुलाया जाएगा। वही श्याम धर यादव का कहना है कि छह वर्षों से भर्ती नहीं आई है। लाखों बेरोजगार नई भर्ती का इंतजार कर रहे हैं। जब तक भर्ती का विज्ञापन जारी नहीं होता धरने से नहीं उठेंगे। धरना देने वालों में शनि सिंह, सुभाष यादव, मुकेश कुमार, दुर्गेश यादव, अमित, तेज प्रताप, रोहित ,शनि सिंह, सुभाष यादव, मुकेश कुमार, दुर्गेश यादव, अमित, तेज प्रताप, रोहित आदि रहे।

## न्यूज झरोखा

### बिजली विभाग की लापरवाही से देवघाट विद्युत पॉवर हाउस में मनमानी, पांच घंटे मिल पा रही बिजली, आक्रोश



**कोरांव।** इस समय पूरे इलाके में जनमानस संचारी रोगों से त्रस्त है भयंकर गर्मी उमस में बीमार वृद्ध,बच्चे, छात्र,वरिष्ठ सामाजिक नागरिक बिजली आपूर्ति अनियमित और लो वोल्टेज के कारण बुरी तरह त्रस्त हैं। मच्छरों के उत्पात से संक्रामक रोगों की भरमार से लोग परेशान हैं। कोरांव इलाके में स्थिति विद्युत उप केंद्र देवघाट से लिंक कई दर्जनों गांव के लोग बिजली की अनियमित आपूर्ति से पीड़ित हैं। डायरिया से लोग भयंकर गर्मी में बिजली सेवाए न होने से लोग मौत के शिकार भी हो रहे हैं। उक्त पावर हाउस से मनमाने ढंग से बिजली आपूर्ति की जाती है। जिससे लोग काफी त्रस्त है। आरोप है कि जान बुझ कर विद्युत कर्मी आपूर्ति बाधित करते हैं। कुछ विभागीय कर्मियों ने बताया कि आज कल लोग सिंचाई ज्यादा करते है इसी से आपूर्ति अनियमित की गई है। फिलहाल सरकार के नुमाइंदगी करने वाले और सासन बैठे लोग बिजली विभाग की मनमानी पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं। ग्रामीणों ने तत्काल प्रभाव से बिजली की अनियमित आपूर्ति पर अंकुश लगवाए जाने की मांग की है अन्यथा ग्रामीणों के गुस्से का शिकार बिजली कर्मी किसी भी क्षण हो सकते हैं।

### औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के अभियोग में वांछित चल रहे आरोपी को सड़वा क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेजा।अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन के तहत थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र महेश मिश्र ने थाने में पूर्व में दर्ज को शीघ्र निस्तारण करने हेतु दिए गये कड़े निर्देश पर आज उप निरीक्षक अनुज राय उप निरीक्षक हरिओम सिंह एवं अन्य पुलिस सिपाही के साथ दर्ज मुकदमे के वांछित आरोपी की तलाश में संभावित क्षेत्र में बने हुए थे उसी बीच मुखबीर से मुकदमें के आरोपी कमलेश पुत्र कन्हैया लाल पटेल निवासी बोईदा थाना हरदी जिला कोरांव छत्तीसगढ़ को आईटीआई बाउंड्री के पास गांव सड़वा में होने की खास सूचना मिली जिसके बाद वे दल बल के साथ पहुँचे और उसे पकड़ लिया और उसे वहां से थाने पर ले आये जहाँ सघन पूछताछ में उसने बताया कि 31अगस्त 24 को मैं शत्रुधन व धर्म सिंह पटेल व अन्य लोगो के साथ निमार्णाधिन मकान सड़वा में एक साथ खाना खा रहे थे उसी बीच अचानक पुरानी बातों को लेकर कहा सुनी है और मैं अचानक गुस्से में आ गया दोनों को छत से धकेल दिया और मौके से भाग गया।जिसमे इलाज के दौरान शत्रुधन की मौत हो गयी।पुलिस ने पूछताछ एवं शेष पुलिस कार्यवाही को पूरा करने के बाद गिरफ्तार आरोपी को भेजा

### भारतगंज में पैगंबर मोहम्मद का जन्मदिन और वफात दिवस मनाया गया



**मांडा।** कस्बे में 12 रब्बी उल अव्वल के मौके पर मुसलमानों ने पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहो वाले वसल्लम के जन्मदिन का जश्न मनाया। इस अवसर पर डीजे के साथ जुलूस निकाला गया और घरों, मोहल्लों और गलियों को फूल मालाओं से सजाया गया। पैगंबर मोहम्मद के जीवन और उनकी शिक्षाओं के बारे में बताया गया और लोगों ने उनकी मिसाल पर चलने का संकल्प लिया। लोगों ने उनकी जियारत की और उनकी शिक्षाओं को याद किया। इस अवसर पर लोगों ने पैगंबर मोहम्मद की शिक्षाओं को याद किया और उनकी मिसाल पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने उनकी जियारत की और उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। भारतगंज में पैगंबर मोहम्मद का जन्मदिन एक भव्य तरीके से मनाया जा रहा है और लोगों ने उनकी शिक्षाओं को याद किया और उनकी मिसाल पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान अरशद सिद्दीकी, पूर्व सभासद चमन, नूर मोहम्मद अंसारी, सभासद प्रतिनिधि जावेद खान, सभासद तबस्सुम अंसारी,तौफीक हाफिज,रईस आदि लोग जुलुस मे मौजूद रहे।

### जल निगम की टूटी पाइप लाइन की मरम्मत न होने से ग्रामीण गंदा पानी पीने को विवश



**मेजा।** जल निगम विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की उदासीनता एवं लापरवाही के चलते विगत एक सप्ताह से टूटी पाइप लाइन की मरम्मत न होने से ग्रामीण जहां गंदा पानी पीने को मजबूर हो गए हैं वहीं दूषित पानी के वजह से डायरिया जैसी घातक बीमारी के चपेट में आकर बीमार पड़ रहे हैं किंतु विभाग के जिम्मेदार लोग चुप्पी साधे हुए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास खण्ड उरुवा के मिश्रपुर गांव में पेयजल योजना की पाइप लाइन बीते एक सप्ताह से टूटी हुई है। पाइप लाइन टूटने की वजह से चारों तरफ फैला हुआ पानी बरसात के पानी के साथ पुनः पाइप लाइन से होकर ग्रामीणों तक पहुंच रहा है जो बेहद गंदा और दूषित है। यही गंदा पानी पीने को गांव के ग्रामीण मजबूर हैं। इसी प्रकार क्षेत्र के कुर्की कला गांव में बरसात के कारण चारों तरफ गंदगी का अंबार होने से गांव के लोग डायरिया जैसी संक्रामक घातक बीमारी से परेशान हैं लेकिन गांव के जिम्मेदार लोगों द्वारा इस समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश भी कायम है।

### चनेथू-जंघई मार्ग मरम्मत के अभाव में हुई जलमग्न



**जंघई।** क्षेत्र की सड़कें मरम्मत के अभाव में जीर्ण शीर्ण हो गई हैं ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के बार बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी नहीं बन रही है।जिसके कारण सड़क पर आवागमन करने वाले आम नागरिकों, छात्रों, वकीलों, व्यापारियों मे आक्रोश है क्योंकि ग्रामीणों की सुनने वाला कोई नजर नही आ रहा है। चनेथू-जंघई मार्ग मरम्मत के अभाव में टूटी फूटी हुई है बारिश के कारण गड्ढों में पानी भर गया है आवागमन करने में राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ती है लोग गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। रधईपुर महरछा से पयागपुर कुंदौरा धाम जाने वाली सड़क एवं क्षेत्र की अन्य जर्जर हो चुकी सड़कों मे महरछा-जंघई, महरछा बारी-पांडेयपुर आदि सड़कें पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सड़कों की मरम्मत न होने से सभी लोग आक्रोशित हैं मिनटों का सफर घंटों मे तय करना पड़ रहा है इन सड़कों पर रात दिन आवागमन होने के बावजूद मरम्मत नहीं हो रही है।

## जसरा में गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा की गई स्थापित लगे जयकारे



**जसरा।** जसरा बाजार व आसपास के गांवों में गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश जी के प्रतिमा की स्थापना पूरे विधि-विधान के साथ की गई। इस अवसर पर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। शनिवार को जसरा बाजार व आसपास के गांवों के साथ शिवपुरी कॉलोनी सहित कई स्थानों पर पूरे विधि विधान व पूजन के साथ भगवान गणेश जी की प्रतिमा को स्थापित किया गया। श्री रिद्धि सिद्धि बाल मित्र संघ कमेटी की ओर से प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी को विधि विधान पूर्वक पूजन कर उनकी प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसी प्रकार शिवपुरी कॉलोनी में भी मूर्ति स्थापित की गई। इस अवसर पर संकल्प केसरवानी, शिवा केसरवानी, सर्वेश, राजू, अमन, हर्ष, शुभम, दीपक शिवम, रवि, सुमित आदि लोग उपस्थित रहे।

## बाबा बोलन नाथ धाम का दो दिवसीय मेला आज और कल सभी औपचारिकताएं पूरी



**मेजा।** पूर्व की भांति इस वर्ष भी मेजा खास स्थित बाबा बोलन नाथ धाम का दो दिवसीय मेला 8 व 9 सितम्बर को आयोजित होना निश्चित हुआ है, जिसको लेकर सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि यह मेला विगत कई वर्षों से लगता चला आ रहा है। मेजा खास की श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बताया कि मेले की तैयारी लगभग 15 दिनों से चल रही थी जो अब पूर्ण हो चुकी है। जिसमें दुकानदारों को साफ- सफाई, पानी व बिजली की सुविधा मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी, साथ ही साथ सफाई का ध्यान रखा जाएगा और प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेले में दर्शनार्थियों के आकर्षण का केंद्र ड्रैगन, बड़ा झूला, डिस्को डांस इत्यादि प्रकार के मनोरंजन साधन रहेंगे। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने क्षेत्र के श्रद्धालु भक्तों से मेले में पहुंचकर बाबा भोलेनाथ धाम का दर्शन कर पुण्य प्राप्त करने तथा मेले का लुफ्त उठाने की अपील किया है।

## विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद थरवई के बच्चे भी किये प्रतिभाग, मेडल से हुए सम्मानित



**थरवई।** स्वामी विवेकानंद विद्याश्रम सीनियर सेकेंडरी स्कूल थरवई प्रयागराज के कक्षा छः से 12वीं तक के छात्र व छात्राएं सरस्वती विद्या मंदिर ज्वाला देवी गंगापुरी रसूलाबाद में आयोजित विज्ञान प्रश्न मंच कार्यक्रम में प्रतिभाग करने 3 सितंबर को गए थे। विद्या भारती से संचालित कुल 13 विद्यालयों के बच्चों ने विज्ञान प्रश्न मंच कार्यक्रम में अपने विद्यालय के शिक्षकों के साथ प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद विद्याश्रम के विद्यार्थियों को शिक्षिका अनुराधा त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रतिभाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ जिसमें स्वामी विवेकानंद थरवई के विद्यार्थी प्रत्येक वर्ग की प्रतियोगिता में विभिन्न स्थान प्राप्त किये। प्रतिभागी छात्रों में अक्षत शुक्ला, देवांशी यादव, अविरल, तेजसी, बैकुंठ त्रिपाठी, साहिल मौर्य, सृष्टि वर्मा, शिवांशु शुक्ला एवम् शांभवी गिरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। सरस्वती विद्या मंदिर ज्वाला देवी गंगापुरी द्वारा विद्यालय की विजेता टीम को पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट भेजा गया जिसका वितरण प्रधानाचार्य दिनेश कुमार पांडेय द्वारा विद्यालय प्रांगण में शनिवार को किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे।

## पत्रकार के पुत्र ने साइबर सिक्योरिटी में मास्टर उपाधि किया हासिल



**जंघई।** सेमरी, भोगीपुर गांव निवासी कृषक एवं पत्रकार भोलानाथ तिवारी के बेटे तिवारी सुशील ने आईआईटी कानपुर से साइबर सिक्योरिटी में मास्टर की उपाधि प्राप्त करने का गौरव हासिल किया है। उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा से यह उपलब्धि हासिल किया है। सुशील की उपलब्धि पर परिवार, मित्र, गांव, रिश्तेदार एवं क्षेत्रवासियों ने सुशील को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया। तिवारी सुशील को वर्ष 2024 में मिली इस उपलब्धि ने न केवल उन्हें बल्कि उनके क्षेत्र को भी गौरवान्वित किया है। छात्र जीवन में उन्होंने आईआईटी कानपुर से साइबर सिक्योरिटी में मास्टर की उपाधि प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत की और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।इससे पहले सुशील ने 2009 में आईआईटी कानपुर में आयोजित टेक्रिती 09 में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए हजारों छात्रों के बीच नैनो टेक्नोलॉजी पर प्रथम पुरस्कार हासिल किया था जो उनकी प्रतिभा को दशार्ता है। वर्तमान में वे फ्रांस में चीफ आर्किटेक्ट साइबर सिक्योरिटी ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने तिवारी सुशील की इस उपलब्धि पर उनके पिता भोलानाथ तिवारी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया सुशील की उपलब्धि पर सभी गौरवान्वित हैं।

### वृद्ध को लाठी डंडा मार किया जख्मी

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर वृद्ध को लाठी डंडा सरिया से मार पीट कर लहुलुहान कर दिया गया। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चक अफजल उर्फ पूरे लीला राजे तारा निवासी लालचन्द्र 60 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम बहादुर का आरोप है कि वह सुबह घूमते हुए जाम्हा भीठा के पास राकेश की बोरिंग के पास पहुंचा था। आरोप है कि जमीन की पुरानी रंजिश को लेकर पहले से घात लगाकर कर बैठे उसके विपक्षी लाठी डंडा सरिया से मार कर गालियां दी और लहुलुहान कर दिए। पुलिस ने भूपेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बाऊ,मंगेश कुमार,अजय सिंह, मनोज कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### नाबालिग किशोरी रहस्यमय ढंग से गायब मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** रहस्यमय ढंग से किशोरी गायब हो गई। किशोरी के भाई ने मुकदमा दर्ज करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम किंगरिया का पूरा निवासी एक युवक का कहना है कि उसकी सोलह वर्षीय बहन घर में सोयी थी। रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। किन्हीं अनहोनी से सहमे हुए युवक ने मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 सितंबर को

### जनपद न्यायाधीश के द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रयागराज।** शनिवार को जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज संतोष राय द्वारा दिनांक 14.09. 2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जनपद न्यायालय परिसर, प्रयागराज से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन के साथ समस्त बैंकों के प्रबंधकगण व जिला अग्रणी प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा उपस्थित रहे। प्रचार वाहन साथ पराविधिक स्वयंसेवक ने पूरे शहर में लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया ।इस मौके पर रविकांत नोडल ऑफिसर लोक अदालत/ एडीजे व रजनीश कुमार मिश्रा प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / एडीजे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। दिनांक 14.09. 2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार पूरे जनपद में किया गया तथा दिनांक 11 सितंबर से 13 सितंबर तक आयोजित पेटी ऑफिंस की विशेष लोक अदालत के बारे में आम जनता को बताया गया। समस्त जनमानस से अनुरोध है की पेटी ऑफिंस की विशेष लोक अदालत दिनांक 11 सितंबर से 13 सितंबर में अपने वादों को नियत कर निस्तारित कराए तथा दिनांक 14.09. 2024 आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मुकदमे को चिन्हित कर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित हो कर उसका निस्तारण कराए। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रदान की गई।

## लालापुर क्षेत्र में रुकनें का नाम नहीं ले रहा रहा चोरियों का सिलसिला

### 6 महीने के अंतराल लालापुर थाना क्षेत्र में दर्जनों चोरियां, खुलासा के नाम पर खाना पूर्ति

**लालापुर।** लालापुर थाना क्षेत्र के एक बार फिर ग्राम मदुरी में शनिवार को बृजेश द्विवेदी के दुकान के पीछे दीवार में बने रोशनदान की तरफ से चोरी की कोशिश की गई। इसके साथ ही थाना क्षेत्र के नौढिया तरहार में रामचंद्र भारती के यहां बीती रात घर के सामने खड़े ट्रैक्टर से चोरो ने बैट्री उड़ा दिया। इसी प्रकार थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरी तरहार में नीरज सिंह व ग्राम गोझवार में बीती रात दो घरों पर राजू भरदइयाऔर,दुर्गेश सिंह के यहां घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से बैट्री चोरी हो गई। लगभग 6 महीने में लालापुर थाना क्षेत्र में दर्जनों चोरियां हो चुकी है, जिसका खुलासा आज तक लालापुर पुलिस नहीं कर सकी। बता दें कि कुछ माह पहले लालापुर सचिवालय का ताला तोड़कर कम्प्यूटर सहित हजारों का सामान चोरी हो गया था, जिसका आज तक कोई खुलासा नहीं हुआ। इसी तरह ग्राम सभा चकसुचेर सचिवालय का ताला तोड़कर सारा सामान चोरों ने पार कर दिया लेकिन परिणाम शून्य रहा। कुछ माह पहले लालापुर स्थित निलेश त्रिपाठी के बर्तन की दुकान में खिड़की का ग्रिल काटकर चोरो ने लाखों रुपए का बर्तन पार कर दिया, जिसका पता लगाने में लालापुर पुलिस पूरी तरह फेल रही,जिससे साफ जाहिर होता है कि स्थानीय पुलिस पूरी तरह निष्क्रिय हो चुकी है। स्थानीय पुलिस द्वारा न तो रात्रि गस्त की जाती है और न ही अपराध एवं अपराधियों में के खिलाफ कोई कड़ी कार्यवाही होती है।

**दुकानदारों में भय का माहौल :**

लालापुर क्षेत्र में लगभग 6 महीने के अंदर दर्जनों चोरियां हो चुकी है, जिसका खुलासा करने में स्थानीय पुलिस पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। दुकानदारों का कहना है कि चोरों द्वारा लगातार दुकानों को टारगेट किया जा रहा है और पुलिस द्वारा किसी चोरी का खुलासा नहीं किया गया है,इससे दुकानदारों में भय का माहौल बना हुआ है।ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस द्वारा न तो रात्रि गस्त किया जाता है और न ही चोरो के खिलाफ कोई कार्रवाईकी जाती है, पुलिस मौके पर पहुंच कर खाना पूर्ति कर-के वापस लौट जाती है।

### घर के पीछे का दरवाजा तोड कर चोरों ने लाखों की चोरी करने में रहे सफल

**मऊआइमा।** घर के पीछे का दरवाजा तोड कर चोरों ने सोने के जेवरात,पीतल के बर्तन आदि लाखों की चोरी करने में सफल रहे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला अबू हलीम पटटी निवासी हाजिक अंसारी पुत्र शाहेजमा का कहना है कि वह हाईकोर्ट में रहता है उसके माता पिता घर पर रहते हैं।इन दिनों माता आयी थी पिता घर पर थे।तथी घर के पीछे का दरवाजा तोड कर चोर घर में घुस गए।तथा चालिस से पैंतालीस किलो ताम्बा पीतल के बर्तन छोटा बक्सा तोड कर सोने की दो चैन,दो सोने की अंगूठी, नगदी,अन्य सामान घरेलू कागजात चोर चोरी कर ले गए।हाजिक अंसारी ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली में भी मनमानी

### शिकायत शासन के सीएम या प्रमुख सचिव से, जांच दी जाती है ब्लॉक के निचले स्तर के अफसर को यह हाल है आईजीआरएस का

**कोरांव।** आईजीआरएस यानी शिकायत समन्वय निवारण प्रणाली द्वारा त्वरित निदान और समुचित न्यायोचित और सुलभ न्याय निस्तारण के लिए फरियादी शिकायती प्रार्थना पत्र प्रेषित करता हैं। और आशा करता है कि जिससे कार्यवाही की मांग की जा रही है उस तक प्रार्थना पहुंचेगी या सीएम अथवा सासन के प्रमुख अधिकारी को प्रेषित संबोधित पत्र उनके तक जायेगा ऐसा न करके आईजीआरएस देखने वाले नियुक्त इंचार्ज आंख मूंद कर सीधे सबसे निचले स्तर के अधिकारी को इंगित कर देते हैं जिससे सुनवाई अधर में रह जाती है। ऐसा ही एक शिकायत ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी ब्लॉक कोरांव प्रयागराज ने दिनांक ,5/9/2024 को निदेशक पंचायतीराज लखनऊ और प्रमुख सचिव पंचायतीराज लखनऊ को आइजीआरस क्रमांक 40017524042444 द्वारा प्रेषित कर समस्या निस्तारण के लिए पत्राचार किया था। किन्तु निस्तारण के लिए सहायक विकास अधिकारी पंचायत कोरांव प्रयागराज को मार्क कर दिया गया। इसी प्रकार ग्राम प्रधान ने पुनः सीएम महोदय और निदेशक पंचायतीराज उत्तर प्रदेश लखनऊ को संबोधित पत्र उनके तक पहुंचाने के लिए 6 सितंबर ,2024 को आइजीआरएस क्रमांक 40017524042626 द्वारा किया तो फिर आईजीआरएस इंचार्ज ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत कोरांव प्रयागराज को ही मार्क कर दिया। इससे उक्त व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा होता है कि आंख मूंद कर शिकायतें मार्क कर दी जाती हैं या जिम्मेंदारों शिकायतें दिखा कर अथवा आवेदन के सापेक्ष समबंधित अधिकारी या सरकार के मुखिया के पास जान बुझ कर नही मार्क की जाती। अहम बात यह है कि ग्राम पंचायत अल्हवा के प्रधान ने सासन से शिकायत किया कि दो तीन साल से मेरे ग्राम पंचायत के भूमिहीनों को पीएम आवास लाभार्थियों को भूमि पर आवास निर्माण कार्य हेतु प्रस्ताव किया गया है किंतु तहसील कोरांव के और जिले के राजस्व विभाग के अधिकारी मूक दर्शक हैं। इस निमित्त आदेश किया जाय कि ग्राम पंचायत के प्रस्तावानुसार पात्र भूमिहीनों को पट्टे देने के लिए आदेश दिया जाय,किंतु एडीओपी कोरांव को मार्क कर दिया गया, भला वो क्या अधिकार इस निमित्त रख कर निस्तारण करेंगें। सिर्फ यही निस्तारण होगा कि मेरे अधिकार स्तर का मामला नहीं है। आखिर संबोधित पत्र जो जिस के नाम से हो उन्हे क्यों नहीं मार्क नहीं किया जाता। जिससे निस्तारण हो और शिकायत कर्ता अनुतोश प्राप्त कर सके। उक्त समस्या समाधान हेतु डीएम प्रयागराज का ध्यान उक्त दोनों शिकायत संख्याओ की ओर आकृष्ट किया है।

### शिकायतों के निस्तारण में भी जांच अधिकारियों की मनमानी

उदाहरण के तौर पर ग्राम पंचायत के एक मुखिया ने बाई आईजीआरएस पत्र दिनांक २३जनवरी 2024 को क्रमांक 40017524003082 द्वारा प्रेषित किया कि एक विधवा की पेंशन नहीं आ रही करीब दो साल से। जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रयाग राज ने निस्तारित यह कह कर किया कि यह विधवा पेंशन का मामला है जिला प्रोवेशन अधिकारी से संपर्क करें। किन्तु इतना नही अवगत करा सके कि उक्त पीड़िता विधवा की पेंशन समाज कल्याण से ही दी जा रही है। और इतने दिनों से क्यों रुकी है और क्या करना है। परंतु ग्राम प्रधान ने केवाआईसी भी करा दिया कि शायद इसी कारण पेंशन न आ रही हो,सत्यापन ब्लॉक द्वारा होने पर भी रिपोर्टिंग हुई। जब ग्राम प्रधान ने उक्त बीमार पेंशन लाभार्थी सल्लू विधवा बिस्मिल्ला ग्राम अल्हवा की पेंशन प्रोवेशन अधिकारी जिला प्रयागराज से पुनः किया तो उन्होंने पेंशन क्रमांक सहित दर्शा दिया कि वृद्धा पेंशन समाज कल्याण अधिकारी के यहां से मिलती है। वहीं संपर्क करें। जब प्रधान ने पुनः पत्राचार आइजीआरएस क्रमांक4001752404866 द्वारा किया तो उत्तर आया निस्तारित करते हुए कि लाभार्थी को पेंशन पटल सहायक के पास पासबुक और आधार कार्ड के साथ भेजें। प्रश्न यह है कि जब समाज कल्याण अधिकारी को मालूम था की उक्त पेंशन मेरे ही कार्यालय से निर्गत होती है,और शिकायत में लाभार्थी का बैंक पास बुक आधार कार्ड नंबर और के वाई सी हुई है तो उसकी पेंशन लाभार्थी के खाते में जानी चाहिए। क्या बिना पटल सहायक से मिले किसी की पेंशन नहीं जा सकती या केवीआईसी हुई है आधार पास बुक सब ज्ञात है पटल लिपिक के पटल पर तो क्या बीमार और दो साल से रुकी हुई पेंशन जिसका ब्लॉक मुख्यालय से संबंधित अधिकारियों कर्मियों ग्राम प्रधान द्वारा सत्यापन आख्या केवाईसी हो कर जा चुकी है तो फिर क्यों अभी तक लाभार्थी को करीब दो साल की बकाया पेंशन राशि नहीं भेजी गई।

# जिलाधिकारी ने जनशिकायतों को समयबद्धता के साथ गुणवत्ता पूर्ण ढंग से शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने के दिए निर्देश

## ● सम्पूर्ण समाधान दिवस-तहसील सदर : कुल 158 शिकायतें प्राप्त हुई, 6 शिकायतों का मौके पर किया गया निस्तारण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में शनिवार को सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जनसमयाओं को सुनते हुए सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उनके विभाग से सम्बंधित शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये हैं साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता को संतुष्ट भी होना चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में आयें हुए वरासत, अवैध कब्जा व अन्य शिकायतों का शीघ्रता से निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 158 शिकायतें आयीं, जिनमें से कुल 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को आज ही प्राप्त करते हुए उनको निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा है कि शिकायतों का निस्तारण अनिवार्य रूप से निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही एवं उदासीनता पाये जाने पर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।



# गंगा नदी में डूबी किशोरी,पैर फिसलने से गहरे पानी में समाई, गोताखोरों की मदद से तलाश जारी, परिजनों में कोहराम



**प्रयागराज।** हंडिया कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कंदला गांव में गंगा स्नान करने गई एक किशोरी गंगा में डूब गई । साथ में गई पड़ोसी महिलाओं ने परिजनों को सूचना दिया जिसके बाद परिजनों के होश उड़ गए और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से काफी खोजबीन की लेकिन किशोरी का पता नहीं चला। मिली जानकारी के अनुसार अनूप प्रजापति जो की महाराष्ट्र के पुणे में रहकर प्राइवेट नौकरी करते है उनके दो पुत्री व एक पुत्र हैं। उनकी पुत्री पड़ोसी महिलाओं के साथ गंगा स्नान के लिए गई थी। इसी दौरान अचानक उसकी पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चली गई । घटना के बाद ग्रामीणों की भारी भरकम भीड़ जमा हो गई और लोगो ने इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी । घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस गोताखोरों के मदद से काफी खोजबीन की, लेकिन खबर लिखे जाने तक किशोरी का कुछ पता नहीं चला।

## सोरांव पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, दर्जनों गाड़ियों का हुआ चालान

**सोरांव।** सोरांव थाना प्रभारी बृजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में सोरांव और शिवगढ़ के बीच में स्थित टोल प्लाजा के पास बृहद वाहन चेकिंग अभियान शनिवार शाम को चलाया जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों की वाहन चेकिंग किया गया। उनके वाहनों के कागज चेक किया गया। तथा संदिग्ध पाए गए वाहन के खिलाफ चालान भी किया गया। जिससे क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लग सके। इस मौके पर दरोगा गोविंद दास प्रजापति, दरोगा उमाकांत, दरोगा खालिद खान, दरोगा राम सागर गौतम, विकास जायसवाल, दरोगा धीरज प्रजापति, महिला दरोगा शबनम ,दरोगा, रश्मि, दरोगा शिवानी, हेड कांस्टेबल श्री प्रकाश यादव, कांस्टेबल विपिन कुमार, कांस्टेबल अमन कुमार सहित दर्जनों लोग रहे।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल संस्थागत परीक्षा वर्ष 1988 अनुक्रमांक 0483010 श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा का अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**संतोष कुमार पुत्र स्व०लालबहादुर मौहरिया जसरा प्रयागराज**

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम खुशी पुत्री घनश्याम सिंह जो शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश उसके आधार कार्ड संख्या 5241 5643 8468 में पुत्री का नाम सौम्या सिंह अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मेरी पुत्री का सही नाम खुशी पुत्री घनश्याम सिंह के नाम से जाना वह पहचाना जाय।

# न्यूज झरोखा

## रिद्धि सिद्धि संग पधारे मंगल कारक विघ्न विनाशक गौरी पुत्र गणेश



**नैनी।** नैनी श्रमिक बस्ती स्थित गणपति मानस पार्क में शनिवार सायंकाल भगवान गणेश का अपनी अर्धांगिनी रिद्धि सिद्धि के साथ आगमन हुआ। युवा मंडल एवं महिला मंडल के कार्यकताओं एवं नगर वासियों ने कॉटन मिल तिराहे पर भगवान गणेश की गाजे-बाजे संग अगवानी की। कॉटन मिल तिराहे से आयोजन स्थल तक गणपति बप्पा की जय के जयकारे गूंजते रहे। परम विद्वान आचार्य संजय द्विवेदी ने विधि विधान से भगवान गणेश की प्राण प्रतिष्ठा की। कार्यक्रम के संयोजक महेश मधुकर मंगरुलकर, सह संयोजक रवि किरण सिंह, अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, महामंत्री बालकृष्ण मिश्र एवं राजकुमार तिवारी ने सपत्नीक भगवान गणेश का पूजन-अर्चन किया। उपस्थित महिलाओं ने अत्यंत सुंदर भजन गाकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रेखा श्रीवास्तव, आर के शुक्ला, राजेश सिंह, अभिषेक पांडेय, ज्योति मंगरूलकर, उषा पांडेय, रणविजय सिंह, अतुल सिंह, जतिन ठाकुर, आनंद सिंह, मंजू तिवारी, रिंकी गिरी, सरोज सिंह, ममता श्रीवास्तव, मिहिर सिन्हा, सौरभ मिश्रा, उत्कर्ष शर्मा, निखिल पांडेय, अनुराग शर्मा, पिंकी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## आरएएफ कैम्प में गणेश चतुर्थी हर्षोल्लास के साथ मनाया




**फाफामऊ।** शनिवार को 101 आर.ए.एफ. कैम्प परिसर में गणेश चतुर्थी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेंट-101 आर.ए.एफ. ने कैम्प परिसर में स्थित मंदिर प्रांगण में भगवान श्री गणेश की मूर्ति की स्थापना और पूजन विधि-विधान के साथ संपन्न किया। जिसमें उपस्थित सभी अधिकारीगण, जवान एवं उनके परिवारजनों को प्रसाद वितरण किया गया साथ ही कमाण्डेन्ट महोदय ने सभी को "गणेश चतुर्थी" की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी व कहा कि भगवान श्री गणेश जी की कृपा से सभी की विघ्न-बाधाओं का नाश हो और जीवन में सुख-शांति व समृद्धि का वास हो, यही कामना है।सीएमओ उक्त अवसर पर डॉ० अशोक कुमार, द्वि०कमा० अधि०, विनोद कुमार, उप०कमा०, यज्ञ कुमार सिंह, उप०कमा०, अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण जवान व उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

## गणेश चतुर्थी पर घरों से लेकर पंडालों तक विराजे प्रभु गणेश



**नैनी।** नैनी के शंकरढाल के समीप खुराना मार्केट महाकाल ग्रुप गणेश उत्सव इस बार बारह फुट की गणपति मूर्ति स्थापित की गई हैं जो कि आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शनिवार की शाम गणपति जी का पूजा अर्चना छोटे लाल गुप्ता और उनकी पत्नी सीता गुप्ता ने किया। किया। भगवान गणेश जी का दस दिवसीय उत्सव पूरे विधि विधान के साथ कराई गई। शनिवार से ही भक्तों की भीड़ जुटना प्रारंभ हो गई है। कमेटी के लोगों ने पंडाल को सजाकर आकर्षक रूप दिया। जिसकी सराहना सभी भक्त कर रहे हैं। इस मौके पर समाजसेवी राजेश साहू, विनोद केसरवानी, अमित सिंह, पप्पू साहू, विशाल गुप्ता, विकास गुप्ता, रितेश गुप्ता, विजय गुप्ता, राजा केसरवानी आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# जस्टिस गोविंद माथुर बोले : विधायी कपट हैं तीन नए आपराधिक कानून, औपनिवेशिक कानून से ज्यादा क्रूर



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश गोविंद माथुर ने कहा कि तीनों नए कानून विधायी कपट के अलावा कुछ नहीं है। दंड तो न्याय लिख देने से उसकी तासीर नहीं बदल जाती। यह नया कानून औपनिवेशिक कानून से ज्यादा क्रूर है। जस्टिस गोविंद माथुर शनिवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में नागरिक समाज, अधिवक्ता मंच और पीयूसीएल की ओर से आयोजित एक परिचर्चा में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने नए कानून की काफी खामियां गिनाईं। कहा कि यह कानून पुलिस अधिकारियों के सुझाव पर तैयार किया गया है। यह आम जनता के हित के विपरीत है। कोरोना काल के दौरान बड़ी चतुराई से इसकी पटकथा लिखी गई थी। जस्टिस गोविंद माथुर ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में कानून लोकहित में बनाए जाने चाहिए। तीन नए कानूनों के बारे में कहा जा रहा है कि हम औपनिवेशिक कानूनों से मुक्त हो कर के जनहित की तरफ जा रहे हैं पर क्या सिर्फ नाम बदलने मात्र से इन विधानों का चरित्र बदल गया। क्या एक लोकतांत्रिक देश में आपराधिक मानहानि हमारी संवैधानिक प्रथा में फिट बैठती है। मुझे ये बिलकुल हिचक नहीं है ये कहने में कि पिछले 10 सालों में इमरजेंसी के समय से भी ज्यादा लोगों को अंदर डाला गया है और ऐसे ही कानून नए कानूनों में भी आगे बढ़ाए गए है। ये कहा गया कि राजद्रोह हटा दिया गया है, लेकिन उसकी जगह देशद्रोह के नाम से उसी कानून को और सख्त बना के प्रस्तुत किया गया है।कोरोना के समय एक पांच सदस्यीय समिति बनाई गई जिनको 16 सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के पूर्व जजों ने एक लेटर में लिखा कि क्या ऐसे समय में हम आपके समक्ष आ कर के अपनी बात रख पाएंगे। यह समिति पारदर्शी तौर पर काम कर रही है, इसलिए कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इसीलिए ये समझ आता है कि जिन चीजों पर अध्ययन होना चाहिए था वो नहीं हुआ और इसे लागू कर दिया गया। इन कानूनों पर गौर करेंगे तो 99 फीसदी कानून पहले वाले कानूनों से ही लिए गए हैं।

## औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के छात्रों को जैविक खेती की ट्रेनिंग दी जा रही है



**नैनी।** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अपने आप में एक विशिष्ट प्रशिक्षण केंद्र हिया जो स्किल डेवलपमेंट के साथ-साथ वैदिक शिक्षा पर भी ध्यान केंद्रित करता है आज हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है क्योंकि हम अकार्बनिक भोजन ले रहे हैं। इसलिए नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के छात्रों को जैविक खेती की ट्रेनिंग भी दे रहे हैं। हमारे सब्जी और फल सरकारी आईटीआई और विभिन्न उद्योगों के टॉप लोग पसंद कर रहे हैं।

# महाकुंभ से पहले शराब माफिया सचिन दत्ता की तर्ज पर माफिया डॉन पीपी को बनाया जूना अखाड़े का मठाधीश

**प्रयागराज।** संगम की रेती पर प्रयागराज महाकुंभ से पहले माफिया डॉन पीपी को पंचदश नाम जूना अखाड़े का मठाधीश बनाने के मामले में संत समाज में हंगामा खड़ा हो गया है। अल्मोड़ा जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे माफिया डॉन प्रकाश पांडेय ' पीपी' को जूना अखाड़े ने नया नाम प्रकाशानंद गिरि दिया है। पहल दो दिन पहले प्रकाशानंद को जेल में ही श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा का संत और मठाधीश बनाने का एलान किया गया।सर पर खड़े महाकुंभ को देखते हुए इस मामले में जूना अखाड़ा आलोचनाओं से घिर गया है। इस मामले में हो रही किरकिरी के बाद अखाड़ा प्रबंधन बैकफुट पर आ गया है। जग विदित है कि अंडरवर्ल्ड डॉन पीपी दाऊद को मारने के लिए करांची तक पहुंच गया था।जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक महंत हरिगिरि ने शनिवार को कहा कि इस मामले पर जांच बैठा दी गई है। उन्होंने कहा कि, हर किसी को जीवन में स्वेच्छा से सनातन की शरण में आने का अधिकार है, इसलिए सनातन की शरण में आए माफिया पीपी को अकेला छोड़ उससे किनारा नहीं किया जा सकता।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मंझनपुर, कौशाम्बी

## अल्पकालीन निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत मंझनपुर जनपद कौशाम्बी में पंचम वित्त आयोग / केन्द्रीय वित्त आयोग की संस्तुतियो के आधार पर प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित परियोजनाओ पर उनके नाम के सम्मुख अंकित मात्रा में निर्माण सामग्री की आवश्यकता है। निविदा दिनाक 08.09.2024 से दिनांक 21.09.2024 को सायं 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। परियोजना को पूर्ण कराने हेतु पूर्ण ठेकेदारी पर कार्य करने हेतु विकास खण्ड मंझनपुर मे पंजीकृत ठेकेदारों / आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा है कि निर्धारित समय सीमा के अन्दर अपने-अपने निविदा प्रपत्र शील बन्द लिफाफे में विकास खण्ड कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में डालना सुनिश्चित करें। निविदा पत्र के साथ आवश्यक प्रपत्र जैसे पैनकार्ड, जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन, हैसियत प्रमाणपत्र, चरित्रप्रमाण पत्र, ठेकेदारी पंजीकरण प्रमाण पत्र, शपथपत्र (रू010.00), अनुवन्ध पत्र (रू0100.00) सलग्न करना है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 21.09.2024 को सायं 4:00 बजे अधोस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के समक्ष खोला जायेगा अवकाश की दशा में अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी। क्षेत्र पंचायत मंझनपुर में सामग्री आपूर्तिकर्ताओ से अपेक्षा है कि निविदा मूल्य के रूप में जमा की जाने वाली धनराशि क्षेत्र पंचायत निधि के पक्ष में डिमाण्ड ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक / चेक एवं धरोहर से सम्बन्धित धनराशि खण्ड विकास अधिकारी मंझनपुर के पक्ष में बंधक हो, एफ०डी०आर० के माध्यम से देय हो को आवेदन पत्र के साथ अवश्य सलग्न करे। राम्बन्धी कार्य में गुगतान इलेक्ट्रानिक माध्यम से किये जायेगें। आयकर, व्यापार कर, लेबररोरा, रायल्टी एवं अन्य कटौतिया नियमानुसार होगी। किसी एक निविदा को अथवा रामस्त निविदाओ को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। निविदा की शर्तों, निविदा फार्म एवं अधिक जानकारी के लिए कार्यालय समय में सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्र0 | परियोजना का नाम | प्राक्कलित धनराशि लाख रू. में | जी.एस.टी. लाख रू.में | योग लाख रू.में | 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि (लाख रू. में) | निविदा का मूल्य रू. में | कार्य पूर्ण करने का समय | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर में संजय श्रीवास्तव के घर से छोटे के घर होते हुए कमल के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 5.73 | 1.02 | 6.75 | 0.58 | 500 | 3 माह | पंचम वित्त |
| 2. | प्रा.वि. इब्राहिमपुर से बरमबाबा थान तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.39 | 0.74 | 5.13 | 0.44 | 500 | 3 माह | पंचम वित्त |
| 3. | ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर में जय प्रकाश के घर से रामबहोरी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 5.51 | 0.93 | 6.44 | 0.56 | 500 | 3 माह | पंचम वित्त |
| 4. | ग्राम पंचायत सादिकपुर सेमरहा से बेनी कोटेदार के घर से पानी टंकी होते हुए शिवलाल पासी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 8.47 | 1.52 | 9.99 | 0.85 | 500 | 3 माह | केन्द्रीय वित्त (अनटाइड) |
| 5. | ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर में शिव नारायण के घर से सुनील के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 7.18 | 1.29 | 8.47 | 0.72 | 500 | 3 माह | पंचम वित्त |
| 6. | ग्राम पंचायत भरसवां के उमरा में अमित चौधरी के घर से भुगेश्वर पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 4.08 | 0.72 | 4.80 | 0.41 | 500 | 3 माह | पंचम वित्त |
| 7. | ग्राम पंचायत टेनशाह आलमाबाद के टेवा धाता रोड से राहुल मिश्रा के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 5.75 | 1.03 | 6.78 | 0.58 | 500 | 3 माह | पंचम वित्त |
| 8. | ग्राम पंचायत टेनशाह आलमाबाद के मेड़ीपुर में सी.सी. रोड से पीपल के पेड़ तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 3.78 | 0.67 | 4.45 | 0.38 | 500 | 3 माह | पंचम वित्त |
| 9. | ग्राम पंचायत उमरा में सुरेश चौधरी के घर से सम्पत लोधी के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 3.15 | 0.56 | 3.71 | 0.32 | 500 | 3 माह | पंचम वित्त |
| 10 | ग्राम पंचायत उमरा चौबे लोधी राजपूत के घर से राकेश राजपूत के घर होते हुए पन्नू लोधी के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 5.86 | 1.04 | 6.90 | 0.59 | 500 | 3 माह | पंचम वित्त |
| 11. | ग्राम पंचायत उमरा हीरा कुम्हार के घर से छोटे लाल लोध के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 4.54 | 0.81 | 5.35 | 0.46 | 500 | 3 माह | पंचम वित्त |
| 12. | ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर में मानसिंह के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 6.68 | 1.20 | 7.88 | 0.67 | 500 | 3 माह | पंचम वित्त |
| 13. | ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर में मुन्नू के घर के पास तालाब में रिर्टेनिंगवाल का निर्माण कार्य। | 2.28 | 0.40 | 2.68 | 0.23 | 500 | 3 माह | पंचम वित्त |
| 14. | ग्राम पंचायत गुवारा में पक्की रोड से रावणा तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 4.35 | 0.64 | 4.99 | 0.44 | 500 | 3 माह | केन्द्रीय वित्त (अनटाइड) |
| 15. | ग्राम पंचायत टेवा में प्राइमरी विद्यालय से गांव तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 8.47 | 1.52 | 9.99 | 0.85 | 500 | 3 माह | पंचम वित्त |
| 16. | ग्राम पंचायत शाहपुर टिकरी में उदयभान के घर से चन्द्रभान के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 4.39 | 0.74 | 5.13 | 0.44 | 500 | 3 माह | केन्द्रीय वित्त (अनटाइड) |

**अवर अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग**
**मंझनपुर-कौशाम्बी**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**मंझनपुर-कौशाम्बी**

**मा. प्रमुख**
**क्षेत्र पंचायत**
**मंझनपुर-कौशाम्बी**

पत्रांक: 530/लेखा/निविदा/क्षे0पं0मं0/2024-25/ दिनांक 07.09.2024

# यूपी के पुलिस कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई पर रोक

## हाई कोर्ट एक साथ सुनेगा सभी मामले, उच्च अधिकारियों से जवाब तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद, मेरठ, वाराणसी, मैनपुरी, सिद्धार्थनगर, बस्ती. आगरा, गोरखपुर एवं प्रयागराज में तैनात पुलिस इंस्पेक्टर, दरोगा, हेड कांस्टेबल और कान्स्टेबलों के विरुद्ध जारी विभागीय कार्रवाई पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी। यह आदेश जस्टिस जेजे मुनीर ने सुधीर कुमार सिंह, गौरव सिंह, यशवीर सिंह, हरिश कुमार, योगेश कुमार, राजीव चौधरी, दीपक कुमार सिंह, इमरान खॉन व अन्य पुलिस कर्मियों के मामले में दिया। इन पुलिस कर्मियों के विरूद्ध प्रचलित उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली-1991 के नियम 14(1) के अन्तर्गत विभागीय कार्यवाही को अग्रिम आदेशों तक स्थगित का आदेश हुआ है।

कोर्ट ने इसी के साथ पुलिस विभाग के आला अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए उनसे जवाब तलब किया है।कई मामलों की सुनवाई एक साथ होगी न्यायाधीश जे जे मुनीर ने पुलिस विभाग में कार्यरत 12 अलग-अलग पुलिस कर्मियों की याचिकाओं पर यह आदेश पारित किया है। कोर्ट ने इस तरह की दाखिल अन्य याचिकाओं को कनेक्ट करते हुए सभी पर एक साथ सुनवाई करने का निर्देश दिया है। याची पुलिस कर्मियों की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं अधिवक्ता अतिप्रिया गौतम का कहना था कि जिन आरोपों में याचीगणों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है उन्हीं आरोपों के सम्बन्ध में विभागीय कार्यवाही सम्पादित की जा रही है। क्रिमिनल केस के आरोप व साक्ष्य एवं विभागीय कार्यवाही के आरोप व साक्ष्य एक समान है। वरिष्ठ अधिवक्ता का कहना था कि पुलिस रेग्यूलेशन के पैरा 483, 486, 489, 492 एवं 493 में यह व्यवस्था दी की गई है कि पुलिस कर्मियों के विरूद्ध अगर क्रिमिनल केस प्रचलित है तो उन्हीं आरोपों में विभागीय कार्यवाही नहीं की जा सकती जब तक कि क्रिमिनल केस में ट्रायल पूर्ण न हो जाए या फाइनल रिपोर्ट में अपचारी बरी न हो जाए। पुलिस रेग्यूलेशन के पैरा को सर्वोच्च न्यायालय ने जसवीर सिंह के केस में अनिवार्य माना है तथा यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया है कि पुलिस रेग्यूलेशन का पालन किये वगैर की गई कार्यवाही विधि सम्मत नहीं है एवं नियम तथा कानून के विरूद्ध है। मामले के अनुसार उप्र पुलिस विभाग के याची निरीक्षक, उपनिरीक्षक व आरक्षियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार व अन्य मामलों में प्रथम सूचना रिपोर्ट विभिन्न थानों में दर्ज कराई गई है तथा उक्त क्रिमिनल केस के आरोपों के सम्बन्ध में उ प्र पुलिस अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली-1991 के नियम 14(1) के तहत विभागीय कार्यवाही सम्पादित करते हुए अधिकारियों द्वारा आरोप पत्र भी निर्गत किए गए हैं। इन पुलिस कर्मियों द्वारा धारा 14(1) की विभागीय कार्यवाही के विरूद्ध हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिकायें दाखिल कर चुनौती दी गई है। याचियों की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता का कहना था कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कैप्टेन एम पॉल एन्थोनी बनाम भारत गोल्ड माईन्स लिमिटेड तथा हाईकोर्ट के निर्णय में यह व्यवस्था प्रतिपादित की गयी है कि यदि क्रिमिनल केस के आरोप एवं विभागीय कार्यवाही के आरोप एक समान है तो विभागीय कार्यवाही क्रिमिनल केस के समाप्त होने तक याचियों के विरूद्ध नहीं की जा सकती। हाईकोर्ट के इस आदेश से पुलिस कर्मियों को बहुत राहत मिली है। हाईकोर्ट के इस स्थगन आदेश को सम्बन्धित जिलों के पुलिस अधिकारियों को अवगत कराने के लिये सम्बन्धित जिले के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा रजिस्ट्रार अनुपालन इलाहाबाद हाईकोर्ट को 48 घण्टे के अन्दर सूचित करने के लिये आदेशित किया गया है।

## मान्यता कक्षा आठ की, कक्षाएं चल रही दस तक, नोटिस

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आधा दर्जन स्कूलों के प्रबंधकों को शिक्षा विभाग ने यह नोटिस तामील कराया है कि उन सभी विद्यालयों की मान्यता कक्षा आठ तक की है, लेकिन वह माध्यमिक कक्षाएं चला रहे हैं। पहले सह जिला विद्यालय निरीक्षक से जांच कराई गई तो संस्कार ग्लोबल स्कूल कुसाहिल बाजार कुण्डा, जीगल अरबीक पब्लिक स्कूल पुरवारा रामपुर संग्रामगढ़, बर्थ पब्लिक स्कूल मऊदारा कुण्डा, आरके स्कूल कुसाहिल बाजार कुण्डा, राजेश्वर कामता प्रसाद इंटर कालेज प्रतापगढ़ व शिवमूर्ति शिक्षण संस्थान कनेवरा प्रतापगढ़ में यह शिकायत की पुष्टि हुई कि यहां पर बिना अनुमति के माध्यमिक कक्षाएं चलाई जा रही हैं। इन स्कूलों के प्रबंधकों को यह नोटिस देते हुए माध्यमिक कक्षाओं को तत्काल बंद करने का निर्देश दिया गया है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि अमान्य कक्षाओं के संचालन किये जाने पर क्यों न स्कूल प्रबंधकों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाए।

# सुल्तानपुर की घटना को लेकर एसपी से मिला व्यापार मण्डल का प्रतिनिधिमण्डल

## एसपी ने दिया आश्वासन, बढ़ाई जाएगी सुरक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवम उ. प्र. सर्राफा कमेटी के प्रतापगढ जिला संयोजक राजेंद्र कुमार केसरवानी ने बताया कि सुल्तानपुर की घटना से जिले के सर्राफा बाजार के व्यवसाईयो पर भी असर पड़ा है जिसके पश्चात प्रतापगढ़ सर्राफा एसोसिशन के जिला संयोजक राजेंद्र कुमार केसरवानी के द्वारा प्रमुख व्यवसाईयो के साथ राहुल केसरवानी के प्रतिष्ठान ओम प्रकाश सर्राफ फर्म पर बैठक बुलाई गई।

बैठक में दिनदहाड़े लूट की वीभत्स घटना का विरोध प्रकट किया और गहरी चिंता व्यक्त की। इसी संदर्भ में एसपी अनिल कुमार से सर्राफा कमेटी प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी एवम सदस्यो के साथ मिलकर अपने व्यापार के संबंध में परेशानियों को व्यक्त करने के लिए



एसपी से मुलाकात करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

मिलने का समय लिया। जिसके उपरांत पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया कि सर्राफा व्यवसाईयो सहित अन्य बड़े व्यवसाईयो की हत्या और लूट की वारदात हो चुकी है और इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इस बात से पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी और साथ में उन्होंने व्यापारियो की समस्त परेशानियों को भी सुना एवम अपने संज्ञान में लेकर संवेदनशील जगह पर पुलिस की पेट्रोलिंग गश्त बढ़ाई जाने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से जिला संयोजक राजेंद्र कुमार केसरवानी, जिला सह संयोजक योगेश खंडेलवाल, जिला कोषाध्यक्ष स्वदेश रवि केसरवानी, बद्री प्रसाद केसरवानी, प्रहलाद खंडेलवाल, राहुल केसरवानी, हर्षित मेहरोत्रा, गुंजन केसरवानी, अरविंद केसरवानी, अभिषेक केसरवानी एवम अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने मनाई शिव प्रताप मिश्र बाबा की पुण्यतिथि

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पूर्व सांसद राज्यसभा व कांग्रेस नेता स्व0 शिव प्रताप मिश्रा बाबा की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस जनों ने अपने नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह ने बाबा मिश्रा के व्यक्तित्व व किये गए कार्यों की चर्चा की और कहा कि उनके विचारों से हमसब को प्रेरणा लेनी चाहिए।

नगर अध्यक्ष इरफान अली ने बाबा मिश्रा के बारे में अनेक संस्मरण सुनाए और कहा कि बाबा मेरे वालिद साहब के मित्र थे। वे तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व0 इंदिरा गांधी के बहुत ही नजदीक



शिव प्रताप मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी।

थे, और इंदिरा भी उनपर बहुत विश्वास किया करती थी। आज हम सभी उन्हें याद कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, मो0 इश्तियाक, श्याम शंकर तिवारी, शिवम मिश्रा, सुधीर तिवारी, मो0 बेलाल, रामू पांडेय, सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## जूबाए का सदस्यता नवीनीकरण अभियान दस से

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन के न्यासी मंडल की बैठक में न्यासी मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन के सदस्यता नवीनीकरण वर्ष 2024-25 के विषय में चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मत से जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन के सदस्यता नवीनीकरण दस सितम्बर से 25 सितम्बर तक जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन के कार्यालय में 11.30 बजे से सायं 3.00 बजे तक किए जाने का निर्णय लिया गया। सदस्यता शुल्क सौ रुपए के साथ बार काउंसिल द्वारा जारी सी0ओ0पी0 मूल पहचान पत्र देना होगा, जो सदस्य निर्धारित समय सीमा के अंदर अपना सदस्यता नवीनीकरण नहीं कर लेगा, उनकी सदस्यता जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन से स्वतः समाप्त हो जाएगी। बैठक में सन्यासी मंडल के सदस्य राजेंद्र सिंह दाढ़ी, देवानंद त्रिपाठी, ओम प्रकाश मिश्रा, सुरेश नारायण तिवारी, राधेश्याम मिश्रा, राजेंद्र सिंह जरियारी, सूर्यकांत मिश्र निराला, कौशलेंद्र सिंह, विजय शंकर त्रिपाठी, हरकेश नारायण त्रिपाठी पूर्व अध्यक्षगढ़ अयोध्या प्रसाद मिश्र, इंद्रभाल मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# सांसद पहुंचे राम सुंदर शास्त्री के घर, किया याद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के सांसद डॉक्टर शिवपाल सिंह पटेल और पट्टी विधायक राम सिंह पटेल ने समाजवादी पार्टी के नेता राम सुंदर शास्त्री को याद कर के दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के सांसद डॉक्टर शिवपाल सिंह पटेल ने बताया कि राम सुंदर शास्त्री समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ और स्वर्गीय नेताजी मुलायम सिंह यादव के खास थे और प्रतापगढ़ में समाजवादी पार्टी का परचम लहराने थे। उसके बाद सांसद डॉक्टर



राम सुंदर शास्त्री के घर सांत्वना देते सांसद एसपी सिंह पटेल।

शिवपाल सिंह पटेल और विधायक राम सिंह पटेल ने गौरा माफी में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्मृति द्वारा व धरौली में स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव स्मृति द्वारा का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद डॉक्टर शिवपाल सिंह पटेल ने बताया कि हम सब को एक होकर प्रतापगढ़ को एक विकासशील जिला बनाना है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य विजय यादव, जिला पंचायत सदस्य लाल बहादुर, जिला उपाध्यक्ष पप्पू यादव, सुरेश यादव, संदीप यादव, राजेश निषाद, डॉ राम बहादुर पटेल, आर के भीम, लखनऊ पब्लिक स्कूल एम डी सुशील सिंह, जितेंद्र सिंह पी आर ओ, बीएल वर्मा, लाल बहादुर, प्रेम पटेल, लाल बहादुर पटेल, कामता पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

## वाहन चेकिंग के दौरान संदिग्धों ने पुलिस पर झोका फायर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** वाहन चेकिंग के दौरान सड़क किनारे खड़े तीन संदिग्धों ने पूछताछ के दौरान पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दिया।

इस दौरान पुलिस ने एक को दबोच लिया लेकिन दो बदमाश फरार हो गए। पकड़े गए बदमाश से पुलिस पूछताछ कर रही है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के छींटपुर डालफिन स्कूल के पास शनिवार को पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान तीन युवक सड़क किनारे खड़े थे। पुलिस उनसे पूछताछ शुरू किया तो बदमाशों ने फायर कर दिया। साहस दिखाते हुए पुलिस ने एक को दबोच लिया वही दो बदमाश मौके से फरार हो गए। चेकिंग कर रहे एसआई दुर्गेश कुमार यादव ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश सुरेश सरोज पुत्र रामकुमार निवासी भोजपुर बिहारगंज थाना नगर कोतवाली का है उससे पूछताछ की जा रही है।घटना से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिलीप पुर आनंद पाल से बात की गई लेकिन उनका मोबाइल फोन नहीं उठाया गया।

# नोटिस जारी करने के बाद अगई में शुरू हुआ विकास कार्य

## स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों में हुई थी अनियमितता, डीपीआरओ की कार्रवाई के बाद जागे जिम्मेदार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन फेज दो के तहत विकास कार्यों के लिए शासन से मिली धनराशि के गबन मे प्रधान और सेक्रेटरी पर हुई कार्रवाई के बाद गांव में विकास कार्य तेजी से सुरु हो गया है। सेक्रेटरी और प्रधान मामले में बचने के लिए खरीदारी के बिल भी इकट्ठा करने में जुट गए है।

स्थानीय विकास खंड स्थित जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत अगई में सेक्रेटरी लालचंद्र पाल पर आरोप था की वह स्वच्छ भारत मिशन फेज दो के तहत शासन से आई 14 लाख 28 हजार 141 रुपया विना कार्य कराए ही धनराशि को अपने चहेते फर्म संचालकों के खाते मे स्थानांतरित कर दिया था। उक्त कार्यों की फोटो व बिल न दे पाने पर डीपीआरओ ने अधिकारियों की तीन सदस्यीय टीम गठित कर जॉच कराई तो पता चला कि कोई कार्य हुआ ही नही है। जाँच के आधार पर 3 सितंबर को डीपीआरओ ने आरोपित सेक्रेटरी को निलंबित कर दिया। मामले मे डीपीआरओ ने एडीपीआरओ को जांच अधिकारी नामित कर पखवारे भर में रिपोर्ट मांगी है। जांच रिपोर्ट के आधार पर डीपीआरओ ने पंचायती राज अधिनियम धारा 95जी के तहत नोटिस जारी करने की संस्तुति कर दी। डीपीआरओ की संस्तुति पर डीएम ने 3 सितंबर को प्रधान रामकिंकर सरोज के विरुद्ध 95जी की नोटिस भी जारी कर दिया। सात दिन में प्रधान को साक्ष्य सहित जवाब दाखिल करना है। प्रधान व सेक्रेटरी कार्रवाई से बचने के लिए कार्यों को कराने के साथ ही बिल को इकट्ठा करने में जुट गए है।

### निलंबित सेक्रेटरी की पत्नी के गांव पर अधिकारियों की नजर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** आरोपित सेक्रेटरी की पत्नी गुलाब भी लक्ष्मणपुर विकास खंड के अंतर्गत रानीगंज अजगरा गांव की मौजूदा प्रधान है। वहीं निलंबित सेक्रेटरी 21 फरवरी 2024 के पूर्व अगई में तैनात था। यहां से तबादला होने के बाद उसे रायपुर तियाई, बछवल मेढ़ावां व सरायजानमती की जिम्मेदारी मिल गई। सूत्रों की माने तो अधिकारियों की नजर अब आरोपित सेक्रेटरी लालचंद्र पाल के अगई के बाद मिली तैनाती वाले गावों के साथ ही उसके प्रधान पत्नी के गांव पर आ टिकी है।

## सुनो अब तुम्हारा चोरी गया सामान मुख्यमंत्री ही ढूंढ़ेंगे

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सुनो अब तुम्हारा चोरी गया सामान सूबे के मुख्यमंत्री ही ढूंढेंगे।अब न चोर मिलेगा और नाही चोरी गया सामान। स्वतंत्र भारत के नागरिक हो चाहे जहां शिकायत कर लो। चोरी की विवेचना कर रहे दरोगा की इस बात को सुनकर पीड़ित के पैरों तले जमीन खिसक गई। मामला पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पृथ्वीगंज पुलिस चैकी का है।

चैकी के अंतर्गत रसूलहा गांव निवासी धीरज शर्मा के गोदाम में 16 अगस्त को अज्ञात चोरों

### चोर व चोरी गया सामान नहीं मिलने वाला है

ने ताला तोड़कर लाखों रुपए का साउंड सिस्टम, तथा दुर्गा की प्रतिमा से 10 ग्राम सोने का लॉकेट चुरा ले गए। पीड़ित ने मामले में अज्ञात चोरों के विरुद्ध पट्टी थाने में मुकदमा दर्ज कराया। दो सप्ताह बीत जाने के बाद पीड़ित ने इस मामले में विवेचना अधिकारी से कई बार चोरों के विषय में पता लगाने की बात कही।लेकिन नतीजा सफर निकला रहा तो उसने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई। शिकायत से झल्लाये चैकी इंचार्ज ने पीड़ित को कहा कि अब तुम्हारा सोने का लॉकेट व अन्य सामान मुख्यमंत्री ढूंढेंगे। इस तरह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस मामले को लेकर इलाके में खासी चर्चा है। इस मामले में पुलिस क्षेत्र अधिकारी पट्टी आनंद कुमार राय ने बताया कि इस तरह का कोई वीडियो मेरी संज्ञान में नहीं आया है। मामला संज्ञान में आने पर जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## जुआ खेलते आधा दर्जन से अधिक गिरफ्तार, केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने जुआ खेलते हुए आधा दर्जन से अधिक लोगों को धर दबोचा। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। दरोगा राजेन्द्रराम शुक्रवार को दोपहर गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर हिरऊ का पुरवा में जुआ खेलते हुए आठ लोगों को घेराबंदी करके धर दबोचा। दरोगा की तहरीर पर गिरफ्तार किये गये गांव के लालजी सरोज पुत्र बाबूलाल सरोज, विजय पुत्र रामफल, कमलेश यादव पुत्र रामदुलारे, मनोज सरोज पुत्र रामअभिलाष, सचिन यादव पुत्र राजेश यादव, अजय सरोज पुत्र नन्हें लाल, बबलू यादव पुत्र रामआसरे यादव व महेन्द्र सरोज पुत्र रामकलश के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## शिक्षक समारोह में सेवानिवृत्त प्रोफेसर हुए सम्मानित

### महाविद्यालय के कामन हाल में मनाया गया कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**परियावां प्रतापगढ़।** विकास खंड कालाक़ाकर के अंतर्गत मदनमोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर में शिक्षक दिवस पर कालेज के कामन हाल मे सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंधक राजभवन कालाकांकर डॉ घनश्याम यादव रहे सर्वप्रथम महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने सभी आचार्यों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय पधारे पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर सूर्य भान सिंह बीएड के आचार्य प्रोफेसर हवलदार सिंह को प्रबंधक एवं प्राचार्य



डा0 सूर्यभान सिंह को सम्मानित करते प्रबंधक डा0 घनश्याम यादव।

प्रोफेसर शिवम श्रीवास्तव द्वारा सम्मानित किया गया। प्रबंधक डा घनश्याम यादव ने अपने संबोधन में दोनों आचार्यों के महाविद्यालय के प्रति उनके योगदान को याद किया। प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में कहा कि सर्वश्रेष्ठ शिक्षक वही है जो जीवन पर्यन्त सीखता रहता है तथा अपने अनुभवों से विद्यार्थी एवं समाज दोनों को लाभ पहुँचाता है। इस अवसर पर प्रो0 प्रदीप सिंह, प्रो0 विनीता सिंह, प्रो0 उग्रसेन सिंह, प्रो0 रामकरन, प्रो0 रेखा सिंह डा ज्योति गुप्ता, डॉ डालचन्द आनन्द, भूपेश सिंह, सर्वेश सिंह, डॉ सृष्टि कुशवाहा, डॉ प्रीति सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, अब्दुल रज्जाक अहमद, अफसार अहमद एवं अन्य शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# यूके इंग्लैंड में सर्वोच्च स्थान पाने वाले बच्चों का हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री कृष्ण बालिका इंटर कॉलेज के प्रांगण में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त समारोह में विद्यालय के वरिष्ठ सदस्य श्री सत्य प्रकाश केडिया जी के द्वारा विद्यालय के शिक्षकों तथा शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया।

तत्पश्चात आदरणीय सत्य प्रकाश केडिया जी के पपौत्र व्यान एवं पपौत्री काव्या का भी सम्मान विद्यालय के द्वारा किया गया। दोनों बच्चें इस समय यू के में अध्यनरत



प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित बच्चियां।

हैं। इन्होंने अध्ययन के क्षेत्र में संपूर्ण यूके (इंग्लैंड) में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। उक्त सम्मान समारोह में विद्यालय के अध्यक्ष जय नारायण अग्रवाल, पारसनाथ गुप्ता, रामऔतार, श्री राम, सुरेश केडिया, गोपाल केडिया, राजेश अग्रवाल, श्याम जी, श्रवण कुमार, प्रधानाचार्य प्रमोद मिश्रा, प्रदीप यादव, मुकुट बिहारी पाल, सतीश भारती, भोलानाथ शर्मा, दीपा शर्मा, नेहा साहू, अनुपम, शिवांगी, इंदिरा सिंह, प्रीति, मनोरमा, कुसुम, राजेश यादव, छोटेलाल गौड़, सुरेश पांडे आदि उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर दोनों बच्चे काव्या एवं व्यान उपस्थित रहे। उनके अभिभावक द्वारा विद्यालय के बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंकुर श्रीवास्तव ने किया तथा आभार विद्यालय के वरिष्ठ सदस्य सत्य प्रकाश केड़िया ने प्रकट किया।

# मीरा भवन वार्ड व करमपुर चंदा में सार्वजनिक स्थान के अतिक्रमण नगर पालिका ने ढहाया

### डीएम के आदेश से नगर पालिका की टीम पहुंची थी दोनों स्थान पर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर आज शहर के दो स्थानों पर नगर पालिका ने पुलिस के सहयोग से सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम किये गये अतिक्रमण को ढहा दिया जिससे बहुत दिनों की शिकायत दूर हुई और लोगों ने राहत की सांस ली।



अतिक्रमण को हटाते नगर पालिका के कर्मचारी।

बताया जाता है कि मीरा भवन वार्ड में राजगंगा नर्सिंग होम के पीछे गली में नगर पालिका की सड़क पर दो फिट ऊंचा अवैध निर्माण कर लिया गया था जिससे लोगों के घरों का पानी नहीं निकल पा रहा था। आज नगर पालिका के कर्मचारी दीवार को गिराकर अतिक्रमण को हटा दिया।

इसी प्रकार करमपुर चंदा में राम लखन के घर से राकेश पटेल सभासद के घर तक बनी नगर पालिका की सड़क के बीचो बीच गाय, भैंस बांधकर गोशाला अवैध ढंग से बना लिया गया था। इन दोनों शिकायतों पर ईओ राकेश कुमार ने आज अपनी पूरी टीम अतिक्रमण हटाने के लिये भेज दिया। नगर पालिका की टीम के साथ कोतवाली पुलिस पुरुष व महिला सिपाही तथा एसआई की मदद से दोनों स्थानों पर आज दिन में साढ़े बारह बजे से तीन बजे तक अतिक्रमण हटाया गया। इससे बहुत दिनों की शिकायतों का आज निवारण हो गया। आज की नगर पालिका की टीम में अवर अभियंता अनिल जायसवाल, सभापति यादव, आरआई लाल बहादुर सिंह, एसआई संतोष कुमार सिंह व रोडगैंग के कर्मचारी शामिल थे जिन्होंने कोतवाली पुलिस की मदद से आज अतिक्रमण हटाने का कार्य किया।

## समाधान दिवस में एक सौ दो शिकायतों में पांच का निस्तारण, एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में लालगंज तहसील में एक सौ दो शिकायतो मे से पांच का अफसरो ने निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की सैतीस, पुलिस की सत्ताईस, विकास सोलह, समाज कल्याण एक, विद्युत विभाग नौ, आपूर्ति विभाग पांच व अन्य विभागों की सात रहीं। एसडीएम शैलेन्द्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में ज्यादातर शिकायतें राशन वितरण में अनियमितता तथा बिजली के बिलों में खामियों की दिखी। वही जमीनी विवाद से जुडे मामले भी सामने आये। तेलियाही गांव के सभाजीत ने दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसे प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है। विपक्षी जानबूझकर आवास निर्माण में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। वही सांगीपुर थाना के पहाडपुर निवासी देवानंद तिवारी ने शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी भूमिधरी जमीन पर स्थगन के बावजूद अतिक्रमण किया जा रहा है। लालगंज बाजार के राकेश तिवारी गुडडू ने शिकायती पत्र मे कहा है कि स्टेट बैंक के सामने बिजली का पोल जीर्ण शीर्ण हो उठा है। सांगीपुर थाना के गोपालपुर निवासी सूर्यकांत तिवारी ने दी गई शिकायत मे कहा है कि आरोपियो द्वारा रंजिशन बीती तेरह अगस्त को उसकी दुकान मे मारपीट की गयी। इसके बावजूद पुलिस कार्रवाई नही कर रही है। लीलापुर थाने की सगरा सुंदरपुर निवासी स्व. विनोद कुमार की पत्नी निर्मला देवी ने शिकायती पत्र में कहा है कि उसके मकान पर आरोपियो ने कब्जा कर लिया है। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने शिकायतो के निस्तारण के बाबत मातहतो को निर्देश दिये हैं। समाधान दिवस का संचालन तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर एसडीओ विद्युत मनोज त्रिपाठी, नायब तहसीलदार पंकज कुमार, प्रभारी निरीक्षक लालगंज नीरज यादव, वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र आदि मौजूद रहे।

# बच्चों के अधिकारों का हनन होने से रोकें : अपर जिला जज

## ● रामनाथ सिंह महाविद्यालय में डीएलएसए द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 7 सितम्बर को चायल स्थित रामनाथ सिंह महाविद्यालय में शिक्षा के अधिकार, बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त सेवा सहित अन्य विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में डॉ. नरेन्द्र दिवाकर ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम पर अपनी बात रखते हुए कहा कि भारतीय संविधान के तहत भाग तीन में शिक्षा मौलिक अधिकार है और भाग चार में नीति निर्देशक तत्वों के अंतर्गत मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा के रूप शामिल किया गया है। संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप पाठ्यक्रम विकास के लिए प्रावधान करता है जो बच्चे के समग्र विकास, ज्ञान व प्रतिभा निखारने, मित्रवत एवं बाल केन्द्रित ज्ञान प्रणाली के जरिए बच्चों को भय एवं चिन्तामुक्त बनाने के साथ-साथ शिक्षा के सार्वभौमीकरण पर



बल देता है और समावेशी शिक्षा की वकालत करता है। उन्होंने बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम पर बात करते हुए कहा कि 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चों के साथ हो रहे यौन उत्पीड़न, यौन शोषण, पोर्नोग्राफी और छेड़छाड़ के मामलों में बच्चों को इस अपराध से बचाना व समय पर न्याय दिलाना है। इस एक्ट के अंतर्गत दोषी पाए गए व्यक्ति के लिए 3 साल से लेकर उम्रकैद व मृत्युदंड की सजा का प्रावधान है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्णिमा प्रांजल, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय कौशाम्बी ने बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम और बच्चों के अधिकारों पर बात करते हुए कहा कि बच्चे देश की अमूल्य धरोहर हैं और देश का भविष्य हैं इसलिए इन्हें संवारने का प्रयास सभी को करना चाहिए। बच्चों के अधिकारों का हनन होने से रोकें और सभी सार्वजनिक एवं निजी संस्थाओं को चाहिए कि वे बच्चों के सर्वोत्तम हितों को अपने कार्य एवं क्रियाकलापों में प्राथमिकता दें। प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण जीवन एवं बहुमुखी विकास का जन्मजात अधिकार है इसके अन्तर्गत बच्चों की सुरक्षा व उनके स्वास्थय एवं उनकी शिक्षा का अधिकार सम्मिलित हैं जिनका उद्देश्य बच्चों के व्यक्तित्व योग्यता व मानसिक एवं शारीरिक क्षमताओं का सम्पूर्ण विकास है तथा सामाजिक सुरक्षा से पूर्ण लाभ प्राप्त करने का अधिकार भी इसमें सम्मिलित है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबन्धक डॉ. कृष्ण पटेल, सुमन सिंह, सहायक प्राध्यापक प्रदीप कुमार विश्वकर्मा, चन्द्रभान सिंह, संदीप कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, राजेश कुमार, सचिन दिवाकर, पीएलवी ममता सहित शिक्षक, कर्मचारी व सैकड़ों की संख्या में छात्र-छत्राएं मौजूद रहे हैं।

### बीबिन के सामने कपड़ा उतार कर नंगा हो होकर युवक करने लगा अश्लील हरकत

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक गांव का एक युवक सड़क पर गांव के पड़ोस की एक पर्दानसी बीवी के सामने लूंगी उतार कर नंगा हो गया और बीवी के सामने अश्लील हरकतें करने लगा युवक की हरकत देखकर बीबी अचंभित हो गई और उसने युवक को फटकार लगाई बताया जाता है की अश्लील हरकत करने वाला युवक भी बीवी के धर्म समुदाय का है मना करने के बाद भी युवक पड़ोस की बीबी के सामने लूंगी खोलकर अश्लील हरकतें करने से बाज नहीं आ रहा और तरह-तरह के अश्लील इशारे उससे करने लगा घटना 4 सितंबर के दोपहर 2:00 बजे की है जब उक्त महिला बीबी अपने घर के बाहर बैठकर घरेलू काम कर रही थी उस समय पड़ोसी युवक घर से निकला और सड़क पर ही उसने लूंगी खोल दिया जिससे वह नंगा हो गया और नँगा होकर बीवी के सामने इशारे करने लगा बीवी का कहना है कि इसके पहले भी कई बार कपड़ा उतार कर पड़ोसी युवक अश्लील हरकत कर चुका है जिससे वह परेशान है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है बताया जाता है कि थाने के दरोगा अनिल का खास युवक बार बार हरकत कर रहा है और थाने के दरोगा भी बीवी की सुनवाई नहीं कर रहे हैं अश्लील हरकत करने वाले का दरोगा साथ दे रहे हैं बीवी ने थाने के दरोगा अनिल पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

## न्यूज झरोखा

### भरवारी के युवक की मुंबई में करेंट लगने से मौत

**मुंबई में कपड़े की धुलाई का करता था कार्य बहुत ही गरीब परिवार था**

**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना अन्तर्गत नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 23 ए पी जे अब्दुल कलाम नगर निवासी मनोज कनौजिया पुत्र हरी लाल परिवार में गरीबी के चलते रोजी रोटी के लिए मुंबई चला



गया मुंबई में शुक्रवार को काम करते वक्त डियूटी के दौरान मनोज कनौजिया की करेंट लगने से मौत हो गई मनोज के मौत की खबर जैसे ही परिवार वालो को मिली पत्नी सहित परिवार के लोग बेहोश हो गए साथ ही मुहल्ले में मातम छः गया। मृतक मनोज कनौजिया के शव को कंपनी वालो ने आनन फानन में मुंबई में पोस्ट मार्टम करा के उसके घर भरवारी कौशाम्बी भेज दिया जबकि खबर लिखे जाने तक शव कौशाम्बी नही आ पाया था 'मृतक मनोज कनौजिया की मौत की खबर सुनते ही वार्ड के पार्षद मोहम्मद हुसैन तुरंत उस गरीब परिवार के यहां पहुंचकर उसकी हर संभव मदद करने की फरमान जारी किया उसके बाद घर परिवार के लोगों के निवेदन करने के बाद कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही तथा शव आने की पूरी तैयारी करवाई है सब मिलाकर गरीबी की वजह से वह मुंबई कमाने गए था लौट कर उसकी अर्थी आने की खबर से परिवार मे कोहराम मच गया है।

### लड़के को जबरिया उठा ले गए बाइक सवार युवक

**महगाव कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मंहगांव गड़ड़ियन का पुरवा से शनिवार की सुबह एक युवक को बाइक सवार कुछ युवक जबरिया उठा ले गए हैं परिवार के लोगों ने विरोध भी किया लेकिन बाइक सवार लोग नहीं



माने और जबरिया उसे प्रयागराज की ओर लेकर चले गए हैं मामले की सूचना युवक के परिवार के लोगों ने थाना पुलिस को दी है। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के महगाव के गडरियन का पुरवा गांव निवासी राजेश पुत्र स्वर्गीय हुबलाल शनिवार की सुबह अपने घर पर मौजूद था इसी बीच उनके घर लौटन के साले और ससुर बाइक से पहुँचे और कहा कि यह लड़का हमारी बहन को रखा हुआ है इसको शादी करनी पड़ेगी जिस युवती की बात की जा रही है वह युवती पहले से शादीशुदा है युवक को उठा ले जाने के बाद परिवार के लोग परेशान हो गए हैं और मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है

### दो बाइक सवार आपस में भिड़े जिला अस्पताल में भर्ती

**कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के कुम्हियावा के पास शनिवार को तेज रफ्तार दो बाइक सवार आपस में टकरा गए हैं जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े हैं और घायल हो गए हैं हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे है मामले



की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है घायलों को पहचान सत्यम उम्र 22 वर्ष पुत्र लखन लाल और जय नरेश उम्र 25 वर्ष पुत्र शिव नरेश निवासीगण सरसवा के रूप में हुई है हादसे की जानकारी मिलने के बाद दोनों घायलों के परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंच गए हैं।

### प्याज लदा ट्रक गड्ढे में पलटा, ड्राइवर खलासी जख्मी

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के अझुवा अमिरता पुर के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग कानपुर प्रयागराज लेन पर आज शनिवार भोर में एक ट्रक नील गाय को बचाने के चक्कर में गड्ढे में चला गया जिससे ड्राइवर और खलासी चुटहिल हो गए।



घटनाक्रम के मुताबिक कानपुर देहात के ट्रक ड्राइवर कमलेश कुमार खलासी धर्मेंद्र कुमार निवासी जल्ला पर सिकंदरा कानपुर देहात ट्रक में शिव पूरी मध्यप्रदेश से प्याज लोडकर कोलकाता जा रहा था अझुवा के अमीरता पुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर नीलगाय आ गया जिसे बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने सड़क किनारे होना चाहा किंतु ट्रक अनियंत्रित होकर बगल में गड्ढे में चला गया जिससे पूरा ट्रक पलट गया दुर्घटना में खलासी और ड्राइवर घायल हो गए मौके पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### ई.एम.आर.आई. कंपनी के क्वालिटी हेड ने ट्रेनिंग सेंटर पहुंचकर लिया जायजा

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 102 एवं 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों को संस्था द्वारा चायल में उच्चस्तरीय ट्रेनिंग दी जा रही है। शनिवार को ट्रेनिंग के दौरान ई.एम.आर.आई. कंपनी के क्वालिटी हेड विपिन शुक्ला ने ट्रेनिंग




सेंटर का औचक नीरीक्षण किया। नीरीक्षण के दौरान ट्रेनिंग ले रहे एम्बुलेंस कर्मियों से मरीज को अस्पताल ले जाते समय किस तरह से पेशेंट का केयर करते हुए हॉस्पिटल तक ले जाना है इस पर चर्चा की। एम्बुलेंस कर्मियों से प्री हॉस्पिटल केयर के बारे बात की और गोल्डन ऑवर एवं रिस्पांस टाइम के बारे में भी बात की जिससे समय रहते गंभीर मरीजों को जल्द से जल्द एम्बुलेंस उपलब्ध हो और समय से जरूरतमंद मरीजों को गवर्नमेंट अस्पताल में संदर्भित कराया जा सके।

### बच्चे के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गए बाइक सवार टप्पेबाज

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव में मनौरी भरवारी रोड किनारे बनी दुकान पर मोबाइल लेकर बैठे एक बच्चे के हाथ से दिनदहाड़े मोबाइल छीनकर बाइक सवार दो टप्पेबाज रफूचक्कर हो गए और आसपास के लोग उनका मुंह ताकते रह गए। यही नहीं इस घटना से पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक काजू गांव के रहने वाले अवधेश पुत्र रामखेलावन ने चरवा थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया की वह शनिवार को लगभग 12 बजे दोपहर मनौरी भरवारी रोड़ दुकान पर बैठा था कुछ काम के लिए वह घर के अन्दर गया तभी अवधेश का लड़का उसका मोबाइल फोन लेकर वीडियो देख रहा था उसी बीच भरवारी की तरफ से दो पहिया सवार दो अज्ञात व्यक्ति लड़के से मोबाइल फोन छीन कर भागने लगे तो लड़का जोर-जोर से चिल्लाने लगा तो आवाज सुनकर पिता बाहर निकला तो देखा कि दो पहिया सवार मोबाइल फोन छीनकर थाना की ओर भाग गए जिसकी शिकायत अवधेश ने चरवा थाना प्रभारी को दी मामले की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### सांप काटने से युवक की मौत, परिवार का रो-रोकर बुरा हाल

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा कोतवाली क्षेत्र के करवरियन का पूरा गांव निवासी लवकुश दुबे का बेटा बलराम दुबे उम्र 26 वर्ष को शनिवार की भोर कमरे में सोते समय सांप ने काट लिया। जिसको नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन आराम न होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ दोपहर उसकी मौत हो गई। बलराम की शादी कौशाम्बी कोतवाली के गुरौली गांव की दीक्षा दुबे के साथ दो साल पहले हुई थी इनके एक साल की एक बेटी वर्षा भी है। घटना से परिवार का रो रो के बुरा हाल है।



## धूमधाम से मनाया जा रहा है गणेश महोत्सव

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के नेहरू नगर मोहल्ले के शिव मंदिर में सिद्धिविनायक कमेटी के सौजन्य से गणेश महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है विद्वान आचार्य द्वारा गणेश महिमा पर प्रतिदिन प्रवचन किया जा रहा है प्रवचन सुनने के लिए आसपास के लोगों की भीड़ गणेश पंडाल में लग रही है प्रतिदिन सुबह शाम भक्तों द्वारा मंगल गीतों मधुर संगीत के साथ भगवान गजानन की आरती की जा रही है गणेश महोत्सव के आयोजन मे महिला पुरुष भक्तों के साथ साथ छोटे छोटे बच्चों की भारी भीड़ उमड़ रही है भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू हुए गणेश महोत्सव के आयोजन में नगर क्षेत्र की महिलाओ द्वारा सुंदर गीतों के साथ कीर्तन भजन का आयोजन किया जा रहा है देर रात तक प्रतिदिन गणेश महोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन बड़ी ही धूमधाम के साथ हो रहा है जहां कार्यक्रम की समाप्ति पर भक्तों द्वारा प्रसाद का वितरण किया जा रहा है।

### स्कूल से वापस आ रहे बच्चे का अपहरण करने का दबंगों पर आरोप

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के अमीनपुर समरो गांव के एक बच्चे का अपहरण किए जाने का आरोप दबंगो पर लगा है 3 दिन बीत जाने के बाद भी बालक का सुराग नही लगा है अमीनपुर सवरो निवासी महमूद अहमद पुत्र अमीर उल्ला का कहना है कि उनका बेटा मोहसिन 3 सितंबर को समय करीब 7:00 बजे कटरा रक्सवारा रोड से अपने स्कूल से घर वापस जा रहा था उसका कहना है कि दो दबंग असलहा लेकर सफेद रंग की क्रेटा गाड़ी से पीड़ित के बेटे के पास पहुँचे और असलहा की नोकपर उसे जबरन गाड़ी में बैठाकर चले गए महमूद का कहना है कि तभी से बेटा गायब है पीड़ित ने बेटे की खोजबीन किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका पीड़ित ने करारी थाना पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है पीड़ित का कहना है कि मेरे बेटे के साथ कोई अनहोनी घटना घट सकती है करारी पुलिस ने पीड़ित से तहरीर पाकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## तहसील मंझनपुर में एसपी और एडीएम ने सुनी जनशिकायते

### 204 शिकायतो में 13 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण कर सके अधिकारी

**कौशाम्बी।** जनपद के सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील मंझनपुर में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। अपर जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए।अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 64 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता भूरी पुत्र-शारदा निवासी ग्राम-छिमिरछा ने अवगत कराया कि गांव



के ही कुछ व्यक्तियों द्वारा उनकी भूमिधरी पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिस पर अपर जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक लेखपाल को प्रकरण की जॉच कर प्रकरण का निस्तारण कराने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता अमर सिंह निवासी ग्राम-गुवारा तैयबपुर ने अवगत कराया कि कुछ लोगों द्वारा उनके खेत एवं घर पर जबरन कब्जा कर लिया गया है, जिस पर अपर जिलाधिकारी ने एसओ करारी को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। तहसील सिराथू में कुल 108 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 32 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ. संजय कुमार एवं उप जिलाधिकारी आकाश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में हुआ बदलाव

### ● कई पुलिस चौकी इंचार्ज कार्यों में लापरवाही के चलते लाइन हाजिर कर दिए गए हैं

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बड़े पैमाने पर ट्रांसफर किए हैं कई चौकी इंचार्ज बदले गए हैं और कई पुलिस चौकी इंचार्ज कार्यों में लापरवाही के चलते लाइन हाजिर कर दिए गए हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भुवनेश चौबे को एएचटीयू सेल से सीएम डैश बोर्ड सेल में स्थानांतरित किया गया है अभी तक टेवा चौकी प्रभारी रहे अजीत सिंह को हर्रायपुर पुलिस चौकी प्रभारी बनाया गया है और टेवा पुलिस चौकी का प्रभारी अवध राज को बनाया गया है दोनों चौकी प्रभारी के कार्य क्षेत्र में आपस में अदला बदली की गई है कोर्राई पुलिस चौकी प्रभारी शैलेंद्र कुमार को पुलिस लाइन भेज दिया गया है और




उनके स्थान पर कोर्राई पुलिस चौकी का प्रभारी अंगद सिंह को बनाया गया है अंगद सिंह अभी तक पुलिस लाइन में थे पुलिस लाइन में अभी तक रहे उप निरीक्षक शेर सिंह को वरिष्ठ उप निरीक्षक मंझनपुर कोतवाली बनाया गया है बैरम पुर पुलिस चौकी प्रभारी जनार्दन सिंह को बारियावा पुलिस चौकी की जिम्मेदारी दी गई है और पुलिस लाइन में रहे शशिकांत पांडेय को बैरमपुर पुलिस चौकी प्रभारी बनाया गया है कार्यों में लापरवाही के चलते बारियावा पुलिस चौकी प्रभारी श्रवण कुमार शुक्ला को लाइन हाजिर कर दिया गया है कोतवाली सैनी के उप निरीक्षक नंदू यादव को बिदाव पुलिस चौकी प्रभारी का दायित्व सौपा गया है और कार्यों में शिथिलता के चलते बिदाव चौकी प्रभारी रामनारायण को लाइन हाजिर कर दिया गया है पुलिस लाइन से उप निरीक्षक सुशील कुमार को अल्लीपुर जीता का पुलिस चौकी प्रभारी बनाया गया है स्थानांतरण के क्रम में कोखराज थाना के उपनिरीक्षक अतुल श्रीवास्तव को इसी थाना की सिंघिया पुलिस चौकी का इंचार्ज बनाया गया है उप निरीक्षक अपराध शाखा कृष्ण स्वरूप को सैनी कोतवाली में वरिष्ठ उप निरीक्षक का दायित्व दिया गया है।

### सूने घर का ताला तोड़कर चोर उड़ा ले गए नगदी समेत लाखो के गहने

**महगांव कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर गौस गांव में चोरों का तांडव देखने को मिला जहां सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने घर से नगदी समेत लाखो के गहने व घर अन्य समान चोरी करके उठा ले गए। मिली जानकारी के मुताबिक मोहिद्दीनपुर गौस गांव निवासी जुनैद अहमद के मकान में उसकी माता और भयाहू रहती हैं। बीते मंगलवार को जुनैद की माता मुन्नी बीवी किसी काम से प्रयागराज व भयाहु इकराफातमा घर में ताला लगाकर अपने मायके चली गई थी। जब जुनैद की माता चार दिन बाद शनिवार को वापस घर आई तो देखा की घर के सभी दरवाजों में लगे ताले टूटे हुए हैं। ताला टूटा देखकर उसके होश उड़ गए और तुरन्त उसने जुनैद और इकरा फतमा को फोन पर घटना की सूचना दिया तो दोनो घर आकर देखे की घर का ताला टूटा है और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ अलमारी का लॉकर टूटा हुआ है जिसे अज्ञात चोरों ने एक सेट सोने का हार, सोने का बूंदा, चांदी की चार नोट, चार जोड़ी पायल, सोने का एक मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, चांदी की अंगूठी, जिसमे करीब 250 ग्राम चांदी व 60 हजार रुपए नगदी व एक गैस चूल्हा जिसे चोर चुरा ले गए।

## महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओ, किशोरियों को नारी स्वावलंबन पर किया जागरुक



**अझुवा कौशांबी।** मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को महिला पुलिस कर्मियों ने अझुवा कस्बे के वार्ड नंबर 4 काशीराम कॉलोनी में पहुंचकर महिलाओं को अपराध एवं सशक्तिकरण के लिए विस्तार से जानकारी दी है महिला कांस्टेबल वंदना गौतम वह वैशाली एंटी रोमियो शक्ति दीदी के द्वारा नगरीय क्षेत्र के अझुवा में तमाम महिलाओं और किशोरियों से मिलकर नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व नारी सुरक्षा के प्रति सचेत किया उन्हें महिला पावर लाइन 1090 महिला हेल्पलाइन 181 आपातकालीन सेवा 112 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 एंबुलेंस सेवा 108 एवं सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबर की जानकारी दी है इसके साथ ही उन्हें साइबर अपराध एवं महिला कानून के बारे में बताया महिला पुलिसकर्मियों को अपने बीच पाकर किशोरिया व महिलाएं काफी उत्साहित रही हैं।

### राष्ट्रीय आय एवं छात्रवृत्ति योजना परीक्षा के लिए छात्र छात्रायें 20 सितम्बर तक करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2025-26 के लिए छात्र/छात्रायें 20 सितम्बर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। ऑनलाइन आवेदन में आवेदकों द्वारा हुई त्रुटियों को दिनांक 23 सितम्बर 2024 तक संशोधन किया जायेंगा। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा दिनांक 10 नवम्बर 2024 को जनपद स्तर पर निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेंगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा के लिए अर्हतायें-शैक्षिक सत्र 2023-24 में कक्षा सात (7) की परीक्षा न्यूनतम 55 प्रतिशत (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 5 प्रतिशत की छूट है) अंको के साथ उत्तीर्ण की हो, ऐसे छात्र/छात्रायें जो सत्र 2024-25 में राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/स्थानीय निकाय (परिषदीय) के विद्यालय में कक्षा 08 में अध्ययनरत हो एवं ऐसे छात्र/छात्राएं जिनके अभिभावक की वार्षिक आय सभी श्रोतां से रु0 3,50.000.00 (रु0 तीन लाख पचास हजार मात्र) से अधिक न हो निर्धारित की गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा में केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, राजकीय आवासीय एवं प्राइवेट विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्रायें सम्मिलित होने के लिए अर्ह नही हैं। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा योजना में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों से कोई परीक्षा शुल्क नहीं लिया जायेंगा। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा के लिए भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के लिए कुल 15143 सीट का कोटा निर्धारित किया गया हैं। जिसका जनपदवार अलग-अलग संख्या में कोटा निर्धारित है इस परीक्षा के लिए राज्य सरकार के नियमानुसार आरक्षण देय होगा। मेरिट के आधार पर चयनित छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति के रुप में रु0-1000 प्रतिमाह की दर से रु0-12000 वार्षिक छात्रवृत्ति प्रस्तावित हैं, जो भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अन्तर्गत देय होगी। परीक्षा में सफल होने के पश्चात भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन कक्षा 9 से 12 तक अध्ययनरत चयनित छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देय है। शैक्षिक सत्र के व्यवधान होने पर यह छात्रवृत्ति देय नहीं होगी।

## पदाधिकारी कांग्रेस में लोगों को जोड़ें : राजेश साहनी

**राजेश साहनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में देखने को मिला है कि आम जनमानस कांग्रेस के साथ जुड़ना चाहता है**

**जिला कांग्रेस कमेटी कौशाम्बी की मासिक बैठक सम्पन्न**

**कौशाम्बी।** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक शनिवार को जनपद मुख्यालय मंझनपुर के कांग्रेस कार्यालय में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी कौशाम्बी के जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय ने किया बैठक में मुख्य अतिथि कौशाम्बी कांग्रेस के प्रभारी राजेश साहनी उपस्थित रहे । बैठक में मुख्य रूप से संगठन के विस्तार पर चर्चा हुई । बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय ने सभी पदाधिकारियों को संगठन को मजबूत करने की बात कही , जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी ब्लाकों में एक उपाध्यक्ष 2 महासचिव तथा 3 सचिव को संगठन विस्तार के लिए भेजा जाएगा जो ब्लाक अध्यक्ष के साथ गांव गांव जाकर संगठन विस्तार पर काम करेंगे । बैठक को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी राजेश साहनी ने कहा कि



लोकसभा चुनाव में देखने को मिला है कि आम जनमानस कांग्रेस के साथ जुड़ना चाहता है हमारे पदाधिकारी कांग्रेस में लोगों को जोड़ें । बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम बहादुर त्रिपाठी ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी की लोकप्रियता बहुत तेजी से बढ़ी है तथा भारत की जनता राहुल जी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं । बैठक को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष सत्येंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बीजेपी की गलत नीतियों से देश बहुत पीछे चला गया है तथा देश की अर्थव्यवस्था बहुत खराब हो गई है । आम आदमी की मँहगाई की वजह से हालात खस्ता है । बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्याममूर्ति तिवारी कोषाध्यक्ष आदिल जाफरी शम्मू भाई उपाध्यक्ष मो0 अकरम महासचिव कौशलेश द्विवेदी दीपक पाण्डेय बाबू जी राजबहादुर चौधरी रामसूरत रैदास कालका सिंह मो0 खुर्शीद जिला सचिव में फौजिया आसिफ अल्वी श्याम सिंह भदौरिया अशोक दुबे संतोष शुक्ला दुर्गेश प्रजापति विजय यादव सरफराज आलम रामप्रकाश जितेन्द्र शर्मा चंद्रकेश त्रिपाठी रावेंद्र सिंह अर्श खुर्शीद मो नोमान मो मुस्लिम जय प्रकाश लाल चन्द्र बाल्मीकि सहित सैकड़ो कांग्रेसी नेता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुफ्त की संस्कृति से पंजाब-हिमाचल की बढ़ी आर्थिक मुश्किलें

**– ललित गर्ग–**

**दिल्ली,** पंजाब व हिमाचल सरकारों के सम्मुख वित्तीय संकट के धुंधलके छाने लगे हैं। सत्ता पर बैठी आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस की सरकारों के सामने चुनाव के दौरान वोटरों को लुभाने के लिए की गयी फ्रीबीज या रेवड़ी कल्चर की घोषणा आर्थिक संकट का बड़ा कारण बन रही है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने एवं लोक-लुभावन घोषणाओं के कितने भारी नुकसान होते हैं, इस बात को दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सामने खड़ी हुई वित्तीय परेशानियों से समझा जा सकता है। इन सरकारों के लगातार बढ़ते राजस्व घाटा व बड़ी होती देनदारियां राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रही हैं। विकास योजनाओं को तो छोड़े, इन राज्यों में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को समय पर पेंशन देने में मुश्किलें आ रही हैं। इन जटिल होती स्थितियों को लेकर ह्यरेवड़ी कल्चरह्न पर न्यायालय से लेकर बुद्धिजीवियों एवं राजनीति क्षेत्रों में व्यापक चर्चा है। पंजाब के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की हालिया रिपोर्ट में राज्य की वित्तीय प्राप्तियों और खर्चे के बीच बढ़ते राजकोषीय अंतर को उजागर किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुक्त की संस्कृति पर तीखे प्रहार करते हुए इसे देश के लिए नुकसानदायक परंपरा बता चुके हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जता चुके हैं। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं है।

कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे पंजाब राज्य का राजस्व घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1.99 फीसदी लक्ष्य के मुकाबले 3.87 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि राज्य का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है। यदि अब भी सत्ताधीश वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं करते एवं मुक्त की सुविधाएं देने से बाज नहीं आते तो निश्चित ही राज्य को बड़ी मुश्किल की ओर धकेलने जैसी बात होगी। जिसका उदाहरण सामने है कि बीते माह का वेतन निर्धारित समय पर नहीं दिया जा सका है। इसके बावजूद सत्ता पर काबिज नेता मुफ्त की रेवड़ियों को बांटने का क्रम जारी रखे हुए हैं तो उसकी कीमत न केवल टैक्स देने वालों को चुकानी पड़ रही है बल्कि आम लोगों के जीवन पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर राज्य का खर्चा जहां 13 प्रतिशत की गति से बढ़ रहा है, वहीं राजस्व प्राप्तियां 10.76 फीसदी की दर से बढ़ रही हैं। जाहिर है, ये अंतर राज्य की आर्थिक बदहाली, आर्थिक असंतुलन एवं आर्थिक अनुशासनहीनता की तस्वीर ही उकेरता है। दिल्ली से लेकर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकारें हों या हिमाचल प्रदेश से लेकर अन्य राज्यों में कांग्रेस की सरकारें तमाम तरह की मुफ्त की रेवड़ियां बांट कर भले ही वोट बैंक को अपने पक्ष में करने का स्वार्थी खेल खेला जा रहा हो, लेकिन इससे वित्तीय बजट लडखड़ाने ने इन राज्यों के लिये गंभीर चुनौती बन रहा हैं। दरअसल, जिस भी नागरिक सुविधा को मुफ्त किया जाता है, उस विभाग का तो भट्टा बैठ जाता है। फिर उसका आर्थिक संतुलन कभी नहीं संभल पाता। कैग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पंजाब में एक निर्धारित यूनिट तक मुफ्त बिजली बांटे जाने से राज्य के अस्सी फीसदी घरेलू उपभोक्ता मुफ्त की बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं। ये और ऐसी ही अन्य मुफ्त सुविधाओं की भरमार के कारण सरकारों के सामने अपने कर्मियों को समय पर वेतन देने के लिये वित्तीय संकट है, जबकि वेतन पर आश्रित कर्मियों को राशन-पानी, बच्चों की स्कूल की फीस व लोन की ईएमआई आदि समय पर चुकाने में दिक्कत हो रही है। इन जटिल होते हालातों को देखते हुए अपेक्षा है कि राजनेता सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये सब्सिडी की राजनीति एवं मुफ्त की संस्कृति से परहेज करें और वित्तीय अनुशासन से राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास करें। जब भी ऐसी लोक-लुभावन घोषणाएं की जाती हैं तो उन दलों को अपने घोषणापत्र में यह




बात स्पष्ट करनी चाहिए कि वे जो लोकलुभावनी योजना लाने जा रहे हैं, उसके वित्तीय स्रोत क्या होंगे? कैसे व कहां से यह धन जुटाया जाएगा? साथ ही जनता को भी सोचना चाहिए कि मुफ्त के लालच में दिया गया वोट कालांतर उनके हितों पर भारी पड़ेगा। जनता को गुमराह करते हुए, उन्हें ठगते हुए देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की लागत अंततः मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है- अक्सर करों अथवा उपकरों के रूप में। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के समय मुफ्त रेवड़ियां देने के मुद्दे को उठाते हुए कहा था कि कई राज्यों ने अपनी वित्तीय स्थिति की अनदेखी करते हुए मुफ्त की सुविधाएं देने का वादा कर दिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले उन दलों को आड़े हाथों लिया था, जो वोट लेने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करते हैं। उनका कहना था कि रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। पंजाब में महिलाओं को नगद राशि देने की घोषणा हुई, जबकि वहां की महिलाएं समृद्ध है। दिल्ली में उन महिलाओं को भी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है, जिन्हें इस तरह की सुविधा की जरूरत नहीं। आधी आबादी को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से दिल्ली में डीटीसी को हर साल 15 करोड़ रुपये तक का नुकसान होगा। इस राशि का उपयोग दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया जा सकता है। मुफ्तखोरी की राजनीति से देश का आर्थिक बजट लडखड़ाने का खतरा है। और इसके साथ निष्क्रियता एवं अकर्मण्यता को बल मिलेगा। हिंदुस्तान में लोगों को बहुत कम में जीवन निर्वहन करने की आदत है ऐसे में जब मुफ्त राशन, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा मिलेगा तो काम क्यों करेंगे।

ह्यगरीब की थाली में पुलाव आ गया है, लगता है शहर में चुनाव आ गया हैह्न भारत की राजनीति से जुड़ी विसंगतियों एवं विडम्बनाओं पर ये दो पंक्तियां सटीक टिप्पणी हैं। चुनाव आते ही वोटरों को लुभाने के लिए जिस तरह राजनीतिक दल और उनके नेता वायदों की बरसात करते हैं, यह शासन-व्यवस्थाओं को गहन अंधेरों में धकेल देता है। मुफ्त की संस्कृति को कल्याणकारी योजना का नाम देकर राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकी जाती रही है। भारत जैसे विकासशील देश के लिये यह मुक्त संस्कृति एक अभिशाप बनती जा रही है। सच भी है कि मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग आज भी इस स्थिति में है कि कथित तौर पर मुफ्त या सस्ती चीजें उसके वोट के फैसले को प्रभावित करती हैं। मुफ्त ह्यरेवड़ीह्न व कल्याणकारी योजनाओं में संतुलन कायम करना आवश्यक है, परंतु वोट खिसकने के डर से राजनीतिक दल इस बारे में मौन धारण किये रहते हैं, बल्कि न चाहते हुए भी इसे प्रोत्साहन भी देते हैं। फ्रीबीजह्न या मुफ्त उपहार न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में वोट बटोरने एवं राजनीतिक धरातल मजबूत करने का हथियार हैं। मुफ्त उपहार के मामले में कोई भी देश पीछे नहीं है। ब्रिटेन, इटली, जर्मनी, फ्रांस, डेनमार्क, स्वीडन, संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश, मलेशिया, कनाडा, अंगोला, कीनिया, कांगो, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया सहित अनेक देश इस दौड़ में शामिल हैं। विकसित देश जहां अपनी जीडीपी का 0.5 प्रतिशत से 1 प्रतिशत तक लोककल्याण योजनाओं में खर्च करते हैं, तो विकासशील देश जीडीपी का 3 प्रतिशत से 4 प्रतिशत तक फ्रीबीज के नाम पर खर्च कर देते हैं। भारत में अब जब न्यायालय की चौखट पर यह मुद्दा विचाराधीन है, तो संभावना है कि सरकार पर अनावश्यक आर्थिक भार डालने वाली घोषणाओं पर नियंत्रण को लेकर कोई राह भारत ही दुनिया को दिखाए।

## सम्पादकीय

### ऐसे में जब हरियाणा के विधानसभा चुनाव के लिये केवल एक माह का समय बचा

**ऐसे** में जब हरियाणा के विधानसभा चुनाव के लिये केवल एक माह का समय बचा हुआ है, सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी की मुश्किलें बढ़ चली हैं। 90 सीटों वाली विधानसभा में जैसे ही भाजपा ने अपने 67 उम्मीदवारों की सूची जारी की, कई नेताओं के इस्तीफों की झड़ी लग गयी। इनमें कुछ वर्तमान विधायक हैं, तो कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने टिकट न मिलने के कारण त्यागपत्र दे दिये हैं। पहले से कमजोर चल रही भाजपा को इनकी नाराजगी महंगी पड़ सकती है, खासकर कांग्रेस की बढ़ती ताकत के बरक्स। रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा तो दिया ही है, देश की सबसे अधिक धनी महिलाओं की सूची में कई मर्तबा शीर्ष पर रहने वाली सावित्री जिंदल ने हिसार विधानसभा सीट पर निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर संगठन को मुश्किल में डाल दिया है। उधर दूसरी तरफ हरियाणा में कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने के लिये इच्छुक लोगों की लम्बी फेहरिस्त है। सम्भवतः यहां कांग्रेस का आम आदमी पार्टी से गठबन्धन हो सकता है। एक ओर इंडिया की मजबूती तो दूसरी तरफ भाजपा में मचा घमासान चौंकाने वाले नतीजे दे सकता है।

5 अक्टूबर को होने जा रहे मतदान के लिये भाजपा ने 9 विधायकों की टिकटें काटी हैं और खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लाडवा सीट से उतार दिया है जबकि वे करनाल के विधायक हैं। यह सीट कुरुक्षेत्र के अंतर्गत आती है जहां से सावित्री जिंदल के पुत्र नवीन जिंदल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे और सांसद बने हैं। बड़ी बात नहीं कि खुद सैनी की राह वहां कठिन हो सकती है। पूर्व मंत्री करण देव कांबोज ने भी टिकट न मिलने के कारण पार्टी के अलविदा कह दिया है। वे रादौर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ते रहे हैं परन्तु इस बार भाजपा ने इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) से केवल तीन दिन पहले आये श्याम सिंह राणा को उतार दिया है जिससे कांबोज नाराज हैं। इतना ही नहीं, मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने भी टिकट न मिलने के कारण पार्टी की सदस्यता छोड़ दी है। हालांकि सैनी को विश्वास है कि इन सभी को मना लिया जायेगा। वे सभी को पार्टी के मजबूत नेता मानते हैं। दूसरी तरफ सावित्री जिंदल ने तो साफ कह दिया है कि यह उनका आखिरी चुनाव है और वे कोई भाजपा की सदस्य भी नहीं हैं जो भाजपा नेतृत्व के हिसाब से चलेंगी। उन्होंने साफ किया कि वे जनता की इच्छा पर चुनाव लड़ने जा रही हैं।

भाजपा की परेशानी यह भी है कि वहां जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) से उसका गठबन्धन पहले ही टूट चुका है और वहां एनडीए जैसी कोई चीज रह ही नहीं गयी है। ऐसे में अगर टिकट बंटवारे को लेकर पहले से ही ऐसी भगदड़ मच गयी है तो उसके प्रदर्शन पर विपरीत असर पड़ना लाजिमी है। इसके विपरीत कांग्रेस पूरा प्रयास कर रही है कि उसका आप के साथ गठबन्धन हो जाये और इसके लिये वह उसके साथ सीटों के सम्मानजनक बंटवारे की कवायद में जुटी है।

# उत्तराखण्ड में हो रहे सांप्रदायिक अपराध और उसका निराकरण

**प्रवीण गुगनानी ।**

**इस** प्रकार की घटनाओं के बढ़ते जाने पर उत्तराखण्ड की पुष्कर सिंह धामी की सरकार इन घटनाओं का संज्ञान लेती है और स्थिति को समझती है। बात बहुत आगे बढ़ चुकी होती है किंतु पुष्कर सिंह इसे अपनी तेज कार्य योजना से रोकने का प्रयास कर रहे हैं।

श्यामपुर उत्तराखण्ड का एक सुंदर सा गाँव हैं। वहाँ सभी लोग सुख-शांति से अपना जीवन यापन कर रहे होते हैं। अचानक वहां गाँव के किनारे पर एक फकीर आकर मिट्टी का एक ढेर बनाता है उस पर चादर डालता है और फिर उसके बगल में एक झोपड़ी बनाकर रहने लग जाता है। अब श्यामपुर के लोग आते जाते लोगों को वह फकीर या मजार का खादिम बहलाता-फुसलाता है और लोग वहाँ माथा टेकने लगते हैं। लोगों की श्रद्धा को बढ़वाकर वह खादिम दूसरे चरण में भोले-भाले ग्रामीणों से कहता है कि वे अपने खेत में ही एक छोटे से कोने कहीं मजार बना देंगे तो वह आकर उस मजार पर नमाज पढ़कर उसे भी सिद्ध बना देगा। खादिम के बहकावे में आकर वह ग्रामीण ऐसा ही करता है और अपने खेत में मजार बनाकर वहाँ प्रतिदिन दिया-बत्ती करने लग जाता है। लोगों का आना जाना बढ़ता है तो वहाँ एक दानपेटी रख दी जाती है। अब खादिम हर सप्ताह आकर उस दानपेटी से राशि निकालकर ले जाता है। शनैः-शनैः वह खादिम, उसी ग्रामीण के पैसों से मजार पर टिन डलवा देता है उसे पक्का निर्माण करवा देता है। इधर मजार पर लोगों का आना-जाना बढ़ता है उधर गाँव में कुछ और मुस्लिम परिवार आकर बसने लगते हैं और मजारें भी बढ़ने लगती है। अचानक गाँव में लव जिहाद की घटनाएँ बढ़ने लगती हैं। गाँव की लड़कियों मुस्लिम लड़कों के झाँसे में आकर अपना सर्वस्व उन्हें सौंपने लगती है। अब गाँव में कभी गर्भस्थ होने से, कभी इज्जत के डर से, कभी मजार के खादिम के नाराज होने के डर से तो कभी बाहुबल के सहारे हिंदू लड़कियां मुस्लिम लड़कों से निकाह करने लगती हैं। कभी-कभी तो इस कार्य में हिंदू लड़कियों के परिवार भी दबाव में आकर सहमति देने लगते हैं।

इस कथा में केवल गाँव का नाम काल्पनिक है बाकी सब जो लिखा है वह उत्तराखण्ड के कई-कई ग्रामों की स्थिति का सच्चा कच्चा-चिट्ठा है। उत्तराखण्ड में लैंड जिहाद, लव जिहाद, मतांतरण, व्यापार जिहाद इसी प्रकार हजारों ग्रामों में अपने पैर पसार चुका है।



इस प्रकार की घटनाओं के बढ़ते जाने पर उत्तराखण्ड की पुष्कर सिंह धामी की सरकार इन घटनाओं का संज्ञान लेती है और स्थिति को समझती है। बात बहुत आगे बढ़ चुकी होती है किंतु पुष्कर सिंह इसे अपनी तेज कार्य योजना से रोकने का प्रयास कर रहे हैं। उत्तराखण्ड सरकार का बुलडोजर चलने लगता है और ऐसी सैकड़ों नकली मजारों पर बुलडोजर चलाकर मजारों को ध्वस्त करके मजार के आसपास कब्जा की गई सैंकड़ों-हजारों एकड़ जमीन को भी इन खादिमों से मुक्त कराता है।

अब शासन-प्रशासन के देखने में यह भी आता है कि शासकीय ही नहीं बल्कि निजी जमीन पर भी ये दिखावटी और अपराधी प्रकार के खादिम मजारों के सहारे कब्जा किए बैठे होते हैं। इन जमीनों के हिंदू जनजातीय स्वामी इन अपराधी खादिमों के बहकावे में आकर, जिन्न-जिन्नात के प्रकोप के भय से अपनी जमीनें, पैसा, लड़कियां सब कुछ इन अपराधी खादिमों को दे रहे होते हैं। पिछले दिनों देहरादून के समीप पछुवा नामक ग्राम में ऐसे दो प्रकरण देखने में आए थे, जब अवैध मजार को हटाने गये प्रशासन को हिंदू समाज के जनजातीय और अनुसूचित जाति के लोगों ने रोकने का प्रयास किया। इन भोले-भाले हिंदू ग्रामीणों का कहना था कि ये मजारें तो उन्होंने स्वयं अपनी मन्नत पूर्ण होने पर बनवाई है। प्रशासन जब मामले की गहराई में गया तो ग्रामीणों ने बताया कि - उनको किसी कष्ट के निवारण के लिए खादिम ने मजार पर बुलाया तो वे गये थे। इसके बाद वहाँ के खादिम ने उन्हें बहला-फुसलाकर मन्नत करवा ली और उनसे कहा कि "आप की इच्छा पूरे होने पर चादर चढ़ाना और अपनी जमीन पर बाबा का मजार बनवा देना फिर आपको इतनी दूर यहाँ आने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी और मजार के कारण आपका खेत भी दोगुनी उपज देने लगेगा।" कहीं-कहीं तो इन अपराधी खादिमों ने भोले-भाले ग्रामीणों से उनके मंदिरों को ही मजार में बदल देने और पूजा पद्धति को बदलने हेतु भयभीत करके तैयार करवा लिया था। कई स्थानों पर निजी जमीनों पर बनी इन मजारों के पास अन्य मुस्लिम परिवार मित्र बनकर बस जाते और इसके बाद सभी प्रकार के अपराध वहाँ होने लगते। भोले भाले जनजातीय और अनुसूचित जाति के हिंदू ग्रामीण अपनी जमीन और लड़कियों को अपने हाथों से छूटते हुए देखते और हाथ मलते ही रह जाते थे।

उत्तराखण्ड की पुलिस ने जब इन मजारों की जाँच की तो इसके पीछे एक संगठित गिरोह के सक्रिय होने की बात सामने आई। यह गिरोह बेरोजगार मुस्लिमों को खादिमों के कपड़े पहनवाकर, थोड़ा-बहुत बोलने और झाड़ने फूंकने का प्रपंच सिखाकर लैंड जिहाद व लव जिहाद हेतु तैयार करवाकर इस प्रकार की घटनाएँ करवाता था और बड़ी मात्रा में आस्था के नाम पर लोगों से पैसा भी निकलवा लेता था। बड़ी संख्या में इन मजारों पर हिंदू बंधु जाने लगते और धन, संपत्ति, जेवर, खाद्यान्न, फल आदि चढ़ाने लगते। इस चढ़ावे से फलते-फूलते वहाँ के खादिम अपनी मजार की दूसरी-तीसरी-चौथी ब्रांच खोलते जाते थे। कालू शाह, भूरे शाह, बुल्ले शाह और न जाने कौन-कौन से शाहों के नाम पर पर ये मजारें बनाई जाती और कमाई होने पर यहाँ के अपराधी खादिम बगल के गाँव में जाकर अपनी फ्रेंचायजी जैसी एक और मजार बनवा लेते थे।

उत्तराखण्ड की पुष्कर सिंह सरकार पर आरोप लग रहें है कि वह दुराग्रह पूर्वक मजारों पर बुलडोजर चला रही है, किंतु सच्चाई कुछ और ही है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के 20 जून 2009 के निर्णय के अनुसार कोई भी धार्मिक स्थल का निर्माण, पुनर्निर्माण या जीर्णोद्धार बिना जिला कलेक्टर की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है। भूमि के दस्तावेज की प्रति के साथ कलेक्टर को आवेदन देकर और अनुमति लेकर ही यह कार्य किया जा सकता है। पुष्कर सिंह धामी ने इसी न्यायलीन आदेश का पालन करते हुए तीन सौ से अधिक अवैध मजारों को ध्वस्त किया है। ऐसे पचासों मंदिरों को और एक गुरुद्वारे को भी धामी सरकार ने तोड़ दिया है और शासन की पाँच हजार एकड़ जमीन को ह्यलैंड जिहादह्न से मुक्त कराया है। उत्तराखण्ड राज्य सरकार ने मई 2023 तक कुल मिलाकर 3,793 ऐसे क्षेत्रों की पहचान की है जहां मजारों के माध्यम से लैंड जिहाद किया गया है। नैनीताल आश्चर्यजनक रूप से इस कुचक्र का शीर्ष है जहां चौदह सौ तैतीस स्थान और हरिद्वार भी जहां साढ़े ग्यारह सौ स्थानों पर अतिक्रमण करके मजारों के सहारे कब्जे किए गए थे। और भी ज़िलों में यह कहानी बड़े स्तर पर सामने आई है। उत्तराखण्ड में ऐसे अवैध ढाँचों के सहारे लगभग बारह हजार हेक्टेयर भूमि अब भी इन कथित खादिमों के पास है, जिसे मुक्त कराया जाना है।

विशेष बात यह है कि उत्तराखंड में इस अभियान को सांप्रदायिक कहकर पुष्कर सिंह सरकार के विरुद्ध वातावरण तैयार किया जा रहा है। मुस्लिम समाज का प्रबुद्ध, धनाड्य वर्ग व मजहबी नेता भी मजारों के माध्यम से अपराध कर रहे इन तथाकथित खादिमों की आलोचना नहीं कर रहें है।

मुस्लिम समाज के प्रबुद्ध व अमनपसंद नागरिकों, नेताओं व मजहबी नेताओं को इस दिशा में आगे आना चाहिये व मजहब के नाम पर अपराध कर रहे इन लोगों के विरुद्ध फतवा जारी करवाना चाहिये। इसके स्थान पर, उत्तराखण्ड का मुस्लिम समाज इन अपराधियों के पक्ष में बन्द, धरने, प्रदर्शन व जुलूस निकालने में रुचि ले रहा है, यह दुखद स्थिति है।

# दो विपरीत ध्रुव पर जमे हुए हैं किसान और नरेंद्र मोदी सरकार

**- डॉ. ज्ञान पाठक**

**नई घोषित** योजनाएं निश्चित रूप से कृषि और ग्रामीण क्षेत्र में बहुत कम आय वाले रोजगार या बेरोजगारी की समस्या को खत्म नहीं कर सकती हैं, क्योंकि ये योजनाएं रोजगार पर केंद्रित नहीं हैं, बल्कि किसी और चीज पर केंद्रित हैं, जिसमें रोजगार केवल एक उप-उत्पाद है। नयी घोषित योजनाएं अपने आप में अच्छी लगती हैं, लेकिन मोदी सरकार का यह दावा झूठा है कि ये किसानों का कल्याण कर सकती हैं।

किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं, लेकिन केंद्र ने उसकी अनदेखी करते हुए 2 सितंबर को कृषि क्षेत्र के लिए 14,000 करोड़ रुपये की 7 नयी बड़ी योजनाओं की घोषणा की है। मोदी सरकार ने कहा कि ये योजनाएं किसानों के कल्याण के लिए हैं, लेकिन किसान कह रहे हैं कि उनकी भलाई उनकी फसलों के कानूनी रूप से सुनिश्चित न्यूनतम मूल्य पर निर्भर करती है, जिसे वे पारंपरिक रूप से अनेक बार बहुत कम कीमत पर, यहां तक कि अपनी उत्पादन लागत से भी कम पर बेचने के लिए मजबूर हैं।

किसान इसके खिलाफ सुरक्षा चाहते हैं, लेकिन मोदी सरकार कह रही है कि किसानों का कल्याण केवल उन कानूनों और नीतियों के माध्यम से सुरक्षित किया जा सकता है जिन्हें वे लागू करना चाहते हैं। किसान उन्हें इस आधार पर खारिज करते हैं कि सरकार का मतलब केवल व्यापार और कॉर्पोरेट के लिए कृषि-अर्थव्यवस्था का विकास करना है, जबकि सरकार का कहना है कि उनकी योजनाओं से किसानों की आय बढ़ेगी। किसानों ने कानूनी तौर पर एमएसपी की गारंटी मांगी, लेकिन केंद्र ने 3 सितंबर को एग्रीश्योरफंड लॉन्च किया। संक्षेप में, मोदी सरकार और किसान दो अलग-अलग ध्रुव हैं - किसान कृषि और अपनी फसलों के लिए लाभकारी मूल्य पर ध्यान केंद्रित करते हैं, लेकिन सरकार का ध्यान कृषि-अर्थव्यवस्था पर है जो व्यापार और कॉर्पोरेट लाभप्रदता को



बढ़ावा देती है।

मोदी सरकार ने स्पष्ट रूप से कृषि और ग्रामीण विकास की उपेक्षा की है, अन्यथा यह कैसे हो सकता था कि दोनों विभागों में पूर्णकालिक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भी तैनात नहीं किये गये हैं? शिवराज सिंह चौहान को कृषि और किसान कल्याण के साथ-साथ ग्रामीण विकास दोनों मंत्रालय सौंपे गये हैं। यह किसानों और ग्रामीण लोगों के वास्तविक कल्याण के लिए सरकार की कम प्राथमिकताओं को दशार्ता है। इसलिए यह आरोप प्रथम द्दष्टया सही है कि मोदी सरकार आर्थिक विकास के नाम पर मुख्य रूप से व्यापार और कॉर्पोरेट लाभप्रदता पर ध्यान केंद्रित कर रही है, और इस भरोसे में है कि वे अधिक निवेश और रोजगार लायेंगे, जिसमें वे पिछले एक दशक में विफल रहे हैं।

किसानों, ग्रामीण लोगों और बेरोजगारी की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 3 सितम्बर को एग्रीश्योर का शुभारंभ किया, जो स्टार्ट-अप और ग्रामीण उद्यमों के लिए एक कृषि कोष है, जिसके बारे में सरकार ने कहा कि यह एक अभिनव कोष है, जो भारत में कृषि परिदृश्य में क्रांति लाने की दिशा में एक अग्रणी कदम है। मोदी सरकार हमेशा किसानों की समृद्धि पर जोर देती रही है, लेकिन कुछ खास नहीं कर रही है। मोदी सरकार का 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वायदा एक उदाहरण है, जो सरकार की दोषपूर्ण नीतियों और तथाकथित किसान कल्याण योजनाओं के कारण पूरी तरह विफल हो गया, जिससे कृषि उपज और उत्पादों में कॉरपोरेट और व्यवसायों को भारी मुनाफा हुआ, लेकिन किसानों को नुकसान हुआ।

एग्रीश्योर के लॉन्च से एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्रीय कैबिनेट समिति ने किसानों के कल्याण के नाम पर 13,966 करोड़ रुपये की 7नयी बड़ी योजनाओं को मंजूरी दी थी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट का फैसला भारत के कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए है। मोदी सरकार का यह फैसला केंद्र द्वारा 28,602 करोड़ रुपये की 12 औद्योगिक स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को मंजूरी दिये जाने के एक सप्ताह बाद आया है। कई लोगों को यह उद्योग बनाम कृषि क्षेत्र के बीच संतुलन बनाने जैसा लगा, लेकिन यह आंशिक रूप से ही सही है, क्योंकि किसानों के कल्याण के नाम पर शुरू की गयी योजनाएं किसानों की आय बढ़ाने के बजाय कृषि-व्यवसाय के हितों की बेहतर सेवा करती हैं। अगर ऐसा नहीं होता, तो सरकार बढ़ती इनपुट लागत को ध्यान में रखते हुए किसानों को न्यूनतम मूल्य का आश्वासन क्यों नहीं देती?

फिर भी, कृषि क्षेत्र की योजनाओं के लिए 7 नयी बड़ी घोषणाएँ हैं: फसल विज्ञानखाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए 3,979 करोड़

# ऋषि परम्परा के बूते भारत का बजता है डंकाः उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को धर्मनगरी चित्रकूट पहुंचे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि चारों तरफ अशांति और व्यक्ति के जीवन में तरह-तरह की दिक्कतें हैं। भारत देश में इन सब दिक्कतों को दूर करने को ऋषि परम्परा ही समाधान है।

शनिवार को देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंटकर मप्र की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने स्वागत किया। चित्रकूट



मंच से बोलते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड।

में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ करने को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय आये। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि वे त्रिवेणी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्हें बड़ा भाई मानती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके मित्र हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उनके भाई हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत ऋषि परंपरा का देश है। यहां पर सप्त ऋषियों की पूजा होती रही है। भारत का इसी परंपरा के बल पर डंका बजता है। चारों तरफ अशांति व व्यक्ति के जीवन में तरह-तरह की दिक्कतें हैं। भारत देश में इन सब दिक्कतों को दूर करने को ऋषि परंपरा ही समाधान है।

## शिक्षकों को दक्ष बनाने को प्रशिक्षण शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** बीआरसी मऊ में खंड शिक्षाधिकारी कृष्णदत्त पाण्डेय के निर्देश पर निपुण भारत मिशन के तहत बुनियादी शिक्षा भाषायी, गणितीय दक्षताओं व अंग्रेजी शिक्षा के विकास को चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ किया।

शनिवार को प्रशिक्षण 50-50 शिक्षकों के दो समूह में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में मंडल समन्वयक नागेन्द्र सिंह, समन्वयक गौरव दुबे, ब्लाक समन्वयक हवलदार, छविलाल प्रजापति, गंगाधार दिवेद्वी, महेश प्रसाद, सुशील पाण्डेय, आनन्द मिश्र व संदर्भदाता बतौर योगदान दे रहे हैं। ये प्रशिक्षण पांच व छह बैच को सात सितम्बर से दिया जा रहा है।

# चुनाव को कमर कसें आप पदाधिकारीः विवेक जैन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी कार्यालय में बुंदेलखंड प्रांत अध्यक्ष विवेक कुमार जैन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। आप जिलाध्यक्ष सन्तोषीलाल शुक्ला ने बुंदेलखंड प्रांत अध्यक्ष विवेक कुमार जैन व प्रांत महासचिव अंकित सिंह पटेल को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

शनिवार को प्रांत अध्यक्ष ने मौजूद पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से पार्टी विस्तार की रणनीति बनाई। आगामी जिला पंचायत चुनाव को हर वार्ड में जिलाध्यक्ष को प्रभारी बनाने को निर्देश दिये। इस मौके पर रामकिशोर सिंह




आप की समीक्षा बैठक में प्रान्त पदाधिकारी।

खंगार को प्रांत अध्यक्ष ने पार्टी की टोपी पहनाकर पार्टी की सदस्यता दी। बैठक में जिलाध्यक्ष सन्तोषीलाल शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष श्यामबाबू त्रिपाठी, नर्वदा प्रसाद यादव, लवलेश केसरवानी, धनराज सिंह, शिवशंकर, योगेन्द्र रैकवार, अनुरुद्ध सिंह यादव, संतोष कुमार गुप्ता, सचिन कुमार, संतोष भरद्वाज, दिलीप सिंह पटेल, बच्चाराम बौद्ध, लवदीप सिंह पटेल, लवलेश सिंह, अनुराग सिंह आदि मौजूद रहे।

# कानपुर-प्रयागराज मालगाड़ी इंजन पटरी से उतरा, की जांच जारी

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर जंक्शन पर बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया। कानपुर से प्रयागराज जा रही मालगाड़ी का इलेक्ट्रिक इंजन मानिकपुर के आउटर पर पटरी बदलते समय अचानक पटरी से उतर गया।

ये घटना शनिवार को सवेरे नौ बजे हुई। घटना होते ही रेल महकमे में हड़कंप मच गया। घटना के तुरंत बाद उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थिति नियंत्रित करने के प्रयास किये। घटना पर अभी तक अधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ। राहत की बात ये है कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।



पटरी से उतरा इंजन।

मालगाड़ी कानपुर से प्रयागराज जा रही थी। मानिकपुर जंक्शन के आउटर पर पटरी बदलते समय अचानक मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतर गया। मामले में प्रयागराज डीआरएम व पीआरओ अमित ने बताया कि आउटर के पास मालगाड़ी के दो पहिये पटरी से उतर गए थे। कोई जनहानि नहीं हुई। इंजन को पटरी पर लाया गया है। कोई रेल यातायात बाधित नहीं हुआ। सबकुछ सामान्य है।

# नहर पटरी पर भू-माफियाओं ने खडी की हवेली

## भू-माफियाओं के नहर पटरी से हटवायें कब्जे

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर तहसील के खटवारा-भदेवरा नहर सालों से ठप है। खटवारा से मझगवां माइनर से किसानों को सिंचाई सुविधा मिलती थी। माइनर में कई दबंग भू-माफियाओं ने नहर व नहर पटरी पर अवैध कब्जे कर लिये हैं। बड़े-बड़े भवन बना लिये हैं। नहर का नामोनिशान मिटा दिया है।

शनिवार को नहर व नहर पटरी पर दबंग भू-माफियाओं के अवैध कब्जे का खुलासा हुआ। बताया गया कि क्षेत्र के कई गांवों में किसान सिंचाई समस्या से परेशान हैं। ग्रामीणों ने कहा कि नहर को



बन्द पडी नहर व पटरी पर बना मकान।

चिल्लीराकस पम्प कैनाल से 1968 में जोड़ा गया था। खटवारा, नांदिन कुर्मियान होते सीधे भदेवरा गांव तक नहर से खटवारा, पराको, नांदिन कुर्मियान, खोहरा, अमवा, भदेवरा, रुपौली, रगौली के किसानों को लाभ मिलता था। कई सालों से नहर का नामोनिशान मिट गया है। सिंचाई विभाग की लापरवाही से नहर का वजूद समाप्त हो गया है। किसान ट्यूबवेल पर आश्रित है। बिजली की आंख मिचैनी- कटौती व लो-वोल्टेज से सिंचाई में भारी परेशानी हो रही है।

रगौली के हर प्रकाश मिश्रा, आशीष पाण्डेय, विभव द्विवेदी, लवलेश पाण्डेय, ओम प्रकाश मिश्रा, राकेश मिश्रा, अंशुमान पांडेय, सुनील पाण्डेय, हरिनारायण पाण्डेय, देवेंद्र कुमार पाण्डेय, पंकज, जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा, आशीष कुमार, धर्मपाल निषाद, बदन प्रसाद निषाद आदि किसानों ने बताया कि उप्र सरकार ने अन्नदाताओं की आय दोगुनी करने को योजना लागू कर बिजली, पानी देने को संकल्पित है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों की उदासीनता से नहर का वजूद समाप्त हो गया है। कई बार शिकायत के बाद भी नहर विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। दो साल पहले सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता व सहायक अभियंता सर्वे कर चुके हैं। अतिक्रमण करने वालों को नोटिस देकर कार्रवाई का दावा किया था। किसानों को भरोसा दिया था कि नहर खुदवाकर पानी की व्यवस्था की जाएगी। अभी तक कुछ नहीं हुआ। किसानों ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा से मांग की है कि नहर का दोबारा सर्वे कराकर अस्तित्व में लायें। दबंग भू-माफियाओं के अवैध कब्जे हटाकर किसानों को पानी दिया जाये।

# पुलिस ने तीन को 57 क्वार्टर शराब-13 बियर समेत दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों को अवैध शराब समेत गिरफ्तार किया है।

शनिवार को चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने दरोगा कुवर प्रखर सिंह, सिपाही दीप प्रताप, विवेक कुमार के साथ आशीष पुत्र शंकरलाल भंभई के कब्जे से 41 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा किशन कुमार ने सिपाही नवीन कुमार के साथ कृष्ण कुमार पाण्डेय पुत्र राजाबेटा अशोह के कब्जे से 13 अदद बियर समेत गिरफ्तार किया। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय ने सिपाही अतुल मिश्रा के साथ फूलचन्द्र रैदास पुत्र नथुवा औदहा के कब्जे से 16 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** निपुण भारत मिशन के तहत खंड शिक्षाधिकारी रामनगर में द्वितीय चक्र का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ, ये दस सितम्बर तक चलेगा। इस चक्र में भी 50-50 प्रतिभागियों के दो बैच चल रहे हैं। प्रथम चक्र का चार दिवसीय प्रशिक्षण तीन से छह सितंबर तक चला था। तीसरे चक्र का प्रशिक्षण 11 से 14 सितंबर तक चलेगा।

शनिवार को चक्र में 50-50 प्रतिभागियों के दो बैच चले। खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह

## निपुण भारत से शिक्षकों को कर रहे तैयारः बीईओ



प्रशिक्षण में बोलते बीईओ।

ने बताया कि सभी प्रतिभागी शिक्षक शिक्षाओं को निपुण भारत मिशन के तहत राज्य परियोजना कार्यालय से जारी दिशा-निर्देशों, गतिविधियों, विभिन्न टूल्स व टीएलएम से से मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित कर रहे हैं। प्रशिक्षण दौरान ऑडियो विजुअल सामग्री से विषय वस्तु को प्रशिक्षणार्थियों को सहजता से समझाने की व्यवस्था है। प्रशिक्षण में विभिन्न एनजीओ- पिरामल फाउंडेशन, संपर्क फाउंडेशन व जिला स्तरीय वॉलिंटियर्स मार्गदर्शन कर रहे हैं। मास्टर ट्रेनर बतौर एआरपी छोटा प्रसाद सिंह, राम भरोसा यादव, सुशील कुमार राणा, केआरपी शिवभूषण त्रिपाठी व सुश्री पूनम श्रीवास्तव प्रशिक्षण दे रहे हैं।

# जीआरपी ने चार चोरों को कराई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक जीआरपी झांसी विपुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर व पुलिस अधीक्षक रेलवे नईम खान मंसूरी की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक जीआरपी मानिकपुर वीनेश सिंह ने न्यायालय मे पैरवी कर आरोपी राम ताम्रकार पुत्र केदार प्रसाद मनगवां थाना मनगांव जिला रीवा मप्र को चोरी में आठ माह की सजा व एक हजार रुपये जुर्माना से दंडित कराया।

इसी क्रम में राजाबाबू महतो पुत्र सुदर्शन महतो चैगाई थाना मुसहर जिला बक्सर बिहार को चोरी के आरोप में चार माह की सजा व 15 सौ रुपये जुर्माना कराया। रोनित पुत्र राजेन्द्रनाथ बेवरा थाना शंकरगढ़ प्रयागराज को चोरी के आरोप में छह माह की सजा व 35 सौ रुपये जुर्माना से दंडित कराया। आदित्य उर्फ कल्लू पुत्र रामकिशोर पांडेय डभौरा जिला रीवा मप्र को चोरी के आरोप में तीन माह की सजा व छह हजार रुपये जुर्माना से दंडित कराया है।

# पानी की पाठशालाः कूप से जलकोष यात्रा निकाली

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के डोंडामाफी गांव में जलकोष यात्रा का स्वागत हुआ। गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में के संदेश के साथ जलकोष यात्रा लखनऊ से चित्रकूट के मानिकपुर ब्लाक के डोंडामाफी पहुंची। जलकोष यात्रा की अगुवाई कर रहे जलयोद्धा पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय का स्वागत हुआ।

डोंडामाफी में पानी की पाठशाला जल जागरुकता को नुक्कड़ नाटक, कठपुतली से जागरुकता पानी पाठशाला हुई। डीपीएमयू अधिकारी ने बुके व माला पहनाकर स्वागत किया। पाठशाला में पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय ने ग्रामीणों को पानी




पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय का स्वागत करते ग्रामीण।

की जरूरत के बारे में बताया। लोगो को जल, जंगल, जमीन के क्षेत्र में खुद आगे आकर कार्य करने व पानी बचाने को प्रोत्साहित किया। आवाहन किया कि हर कार्य में पानी का समुचित उपयोग करें। कार्यक्रम में अशोक ने लोगों को जल, जंगल, जमीन एक-दूसरे के पूरक व सहयोगी होने के खेल से प्रस्तुत किया। लोगों को नुक्कड़ नाटक व कठपुतली से जल के प्रति जागरुकता बताई। जन जागरूकता रैली में गांव के अधिकारी व बच्चे व ग्रामीणों ने स्कूल से कुआ तक रैली निकाली। जलयोद्धा उमाशंकर पाण्डेय व अशोक तथा खंड विकास अधिकारी शैलेन्द्र सिंह के साथ अटल भूजल योजना, नोडल अधिकारी सौरभ सरोज, एक्सपर्ट सावोरा श्रीवास्तव कर रहे थे। रैली में अतिथियों समेत बीएसए देवेन्द्र निरंजन, चौकी प्रभारी हर्षित मिश्रा, डीपीएमयू आईईसी एक्सपर्ट अजय श्रीवास्तव, एग्रीकल्चर एक्सपर्ट दिलीप कुमार श्रीवास्तव, ब्लाक कोआर्डिनेटर, डीआईपी संस्था प्रतिनिधि, समाजिक कार्यकर्ता सुरेश प्रसाद त्रिपाठी, प्रधान, जलबीर/समूह की महिलायें/ किसान व बच्चे शामिल रहे।



कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव का स्वागत करते कांग्रेसी।

# कांग्रेस के दुबारा बने नीलांशु राष्ट्रीय सचिव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव/पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी का जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में रेलवे स्टेशन कर्वी में संपर्क क्रांति से दिल्ली जाते समय दूसरी बार राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने पर कांग्रेसियों ने स्वागत किया।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, शिव गुलाम वर्मा, चुनबाद प्रसाद, महेंद्र सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, धीर सिंह, रविंद्र सिंह, अरुण सिंह आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# सत्ता के नशे में चूर सीएमओ ने खुलवाये अवैध नर्सिंग सेन्टर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में विभिन्न कस्बों समेत भरतकूप में अवैध पैथोलॉजी का कारोबार तेजी से फलफूल रहा है।

प्रशासनिक दावे व सख्ती के बाद अब तक कोई पुख्ता कार्रवाई नहीं दिख रही। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी सत्ता के नशे में इस कदर चूर हैं कि उन्होंने जगह-जगह नर्सिंग सेन्टर खुलवा दिये हैं। उनसे हर माह निश्चित धनराशि की वसूली में मस्त हैं। शनिवार को सीएमओ की हरकतों का खुलासा हुआ। बताया गया कि भरतकूप के दौरे में स्वास्थ्य अधिकारी अवैध पैथोलॉजी संचालकों को पहले से बता देते हैं। ऐसे में अवैध कारोबारियों पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाती। सवाल है कि दिखावे को दौरे किये जाते हैं। अवैध पैथोलॉजी बदस्तूर चल रहे हैं। जनता की सुरक्षा पर मंडरा रहे खतरे की चिंता सीएमओ को नहीं हैं। सीएमओ की सुस्ती पर सवाल उठना लाजिमी है। प्रशासन इन अवैध गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगा पा रहा। बताते हैं कि सीएमओ की मेहरबानी से जिले में जगह-जगह अवैध नर्सिंग सेन्टर खुल गये हैं।

ऐसे सेन्टरों से हर माह निश्चित धनराशि सीएमओ कार्यालय पहुंचती है। इस धनराशि का बंदरबांट सभी लोग करते हैं। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी को भाजपा सरकार का नशा इस कदर है कि उनका कोई बाल बाका नहीं कर सकता। जिला मुख्यालय में भी खोह अस्पताल के डॉक्टरों पर उनका कोई अंकुश नहीं है।

## गणेश उत्सव की मची धूम, दो सौ स्थानों पर सजेंगी प्रतिमायें

**चित्रकूट।** पूरे जिले में दस दिन चलने वाले गणेश महोत्सव की शुरुवात को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। शहर में दो सौ स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की तैयारी हो रही है। कलकत्ता से आये मूर्तिकार बाबुल पाल ने बताया कि वह दस वर्ष से गणेश, कृष्ण व दुर्गा प्रतिमा बना रहे हैं। इस बार दो सौ प्रतिमायें बनाई हैं। शनिवार को शहर के पुरानी बाजार में मूर्तिकार बाबुल पाल गणेश प्रतिमायें बना रहे हैं। तिरंगे के रंगों से गणपति को सजा रहे हैं। बताया कि महंगाई की मार के चलते हर कच्ची सामग्री महंगी होने से मूर्ति की कीमत नहीं मिल पा रही। गुजारा करने को काम कर रहे हैं। मूर्तियों में लगने वाली ज्यादातर चीजें कलकत्ता से महंगे दामों पर लाते हैं। इस बार सबसे बडी 12 फिट की गणेश प्रतिमा बनाई है। शहर समेत पूरे जिले में दो सौ गणपति लोगों के घरों में विराजमान होंगे। आज सवेरे से गणपति को विराजमान करने की तैयारियां लोगों के घरों में चल रही हैं।

# अगरहुंडा हत्याकांड का आरोपी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में रैपुरा थाने के अगरहुण्डा में हुयी हत्या के शेष नामजद वांछित आरोपी समाजी पुत्र स्व नौमतिया अगरहुण्डा को गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपी रामगोविन्द उर्फ गोविन्द पुत्र समाजी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।



पुलिस गिरफ्त में नामजद हत्यारोपी।

# उत्तर कोरिया में किम जोंग के तख्तापलट की तैयारी?

# एक साथ आए अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया

**वॉशिंगटनः अमेरिका,** जापान और दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के खिलाफ साइबर वारफेयर शुरू करने का फैसला किया है। इसमें किम जोंग उन के खिलाफ उत्तर कोरियाई नागरिकों में विद्रोह की भावना भरने का काम भी किया जाएगा। इसके अलावा उत्तर कोरियाई हैकर्स के खिलाफ भी एक मल्टीनेशनल साइबर एक्शन प्लान को लागू किया जाएगा। इसका प्राथमिक उद्देश्य उत्तर कोरिया के साइबर फ्रॉड के जरिए कमाई करने के रास्ते को बंद करना है। पश्चिमी देशों का दावा है कि उत्तर कोरिया दुनिया का सबसे बड़ा साइबर फ्रॉड सेंटर चलाता है, जिसे हैकर्स की एक भारी-भरकम टीम अंजाम देती है। इन पैसों का इस्तेमाल किम जोंग उन और उनके परिवार पर किया जाता है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि तीनों देशों के राजनयिकों की तीसरी बैठक में साइबर फ्रॉड के जरिए पैसे इकट्ठा करने और उसे सैन्य खर्च में इस्तेमाल करने की उत्तर कोरिया की क्षमता को बाधित करने पर सहमति बनी है। यह बैठक तब हुई है, जब



एफबीआई ने अमेरिकी प्रशासन को चेतावनी दी थी कि उत्तर कोरियाई हैकर्स की टीमें पैसे चुराने के लिए मैलवेयर का इस्तेमाल कर रही हैं। इसके लिए वे बैंकों, दूसरे वित्तीय संस्थानों और कंपनियों को निशाना बना रही हैं। वे क्रिप्टोकरेंसी व्यवसायों और प्लेटफार्मों में घुसपैठ करने का आक्रामक प्रयास भी कर रहे हैं।

### बैठक में कौन-कौन हुए शामिल

तीनों देशों की इस बैठक का नेतृत्व सियोल के विदेश मंत्रालय में कोरियाई प्रायद्वीप नीति के डायरेक्टर जनरल ली जुन-इल, उत्तर कोरिया के लिए अमेरिकी उप विशेष प्रतिनिधि सेठ बेली और साइबर नीति के प्रभारी जापानी राजदूत नाओकी कुमागाई ने किया। कार्य समूह में लगभग 20 अमेरिकी, दक्षिण कोरियाई और जापानी सरकारी विभागों, मंत्रालयों और एजेंसियों के एजेंट शामिल थे।

### उत्तर कोरिया के खिलाफ चलाएंगे इंफॉर्मेशन वारफेयर

अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया, "वर्किंग ग्रुप के माध्यम से, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान तीनों देश एक साथ मिलकर कार्रवाइयों की एक लंबी सीरीज पर काम करना जारी रखेंगे, जो कैंप डेविड शिखर सम्मेलन में स्थापित ऐतिहासिक सहयोग को रेखांकित करता है। इसमें डीपीआरके (उत्तर कोरिया) के क्रिप्टोकरेंसी की चोरी को रोकने, उनके इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी नेटवर्क को जाम करने, उत्तर कोरिया से पैदा होने वाले साइबर खतरे को खत्म करने को लेकर भागीदारों के साथ काम करने और क्षमता निर्माण के प्रयासों को बढ़ाने पर जोर दिया गया।"

### किम जोंग पर निशाना साधेंगे तीनों देश

तीनों देश उत्तर कोरियाई लोगों के बीच सूचनाओं की पहुंच को सुगम करने, उन्हें दुनिया में हो रही घटनाओं की जानकारी देने और किम जोंग उन शासन के खिलाफ उकसाने को लेकर भी काम करेंगे। इसका उद्देश्य उत्तर कोरियाई नागरिकों को किम जोंग के शासन के खिलाफ उकसाना है, ताकि वह तानाशाही के खिलाफ आवाज उठा सकें। वर्तमान में एशिया में सिर्फ उत्तर कोरिया ही ऐसा देश है, जहां तानाशाही शासन है।

# जापान के प्रिंस हिसाहितो 18 साल के हुए, शाही परिवार में 40 साल बाद कोई पुरुष हुआ बालिग

**टोक्योः जापान** के शाही परिवार में चार दशक बाद किसी लड़के ने 18 साल की उम्र को छुआ है। प्रिंस हिसाहितो 18 साल हो गए हैं, जो 40 साल में बालिग होने वाले जापान के पहले शाही पुरुष हैं। क्राउन प्रिंस अकीशिनो के बेटे प्रिंस हिसाहितो शुक्रवार को 18 साल के हुए। जापान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक बढ़ती उम्र और घटती आबादी का सामना कर रहे जापान में शाही परिवार भी इस परेशानी से अछूता नहीं है। इस परिवार ने सैकड़ों साल से जापान पर शासन किया है लेकिन काफी वक्त से परिवार में कोई जवान पुरुष नहीं था। ऐसे में प्रिंस हिसाहितो का 18 साल होना परिवार के लिए एक राहत की खबर है।

प्रिंस हिसाहितो जापानी सम्राट नारुहितो के भतीजे हैं। जापान में राजा बनने की दौड़ में अपने पिता क्राउन प्रिंस अकिशिनो के बाद उनका ही नाम आता है। उनके पिता 1985 में 18 साल के हुए थे।



इसके बाद अब वह वयस्क हुए हैं। पीरियल हाउसहोल्ड एजेंसी की ओर से जारी एक बयान में प्रिंस ने अपने 18वें जन्मदिन पर कहा, 'मुझे उम्मीद है कि मैं अनुभवों से और ज्यादा सीखूंगा और तमाम पहलुओं को समझते हुए आगे बढ़ूंगा।' उन्होंने अपने माता-पिता और बहनों का भी आभार व्यक्त किया।

### हिसाहितो शाही परिवार के सबसे छोटे सदस्य

एजेंसी के अनुसार, प्रिंस हिसाहितो टोक्यो के ओत्सुका में त्सुकुबा विश्वविद्यालय के सीनियर हाई स्कूल में तीसरे वर्ष का छात्र है। शाही परिवार की परंपरा इस अवसर को मनाने के लिए एक कमिंग-ऑफ-एज समारोह और एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने की है, लेकिन उनके समारोह को 2025 के वसंत या उसके बाद के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह समारोह उनकी शैक्षणिक गतिविधियों में हस्तक्षेप से बचने के लिए उनके हाई स्कूल स्नातक होने के बाद आयोजित किया जाएगा।

ब्रुनेई में ढट मोदी का ग्रैंड वेलकम, मिलने के लिए उमड़े सैकड़ों प्रवासी भारतीय

हिसाहितो 17 सदस्यीय, वयस्क शाही परिवार का सबसे छोटा सदस्य है।

# चीन जल्द बन सकता है दुनिया में नई महामारी की वजह



**बीजिंगः चीन** में फर उद्योग से जुड़े फार्मों के अध्ययन के दौरान हैरान करने वाली जानकारी सामने आई है। वैज्ञानिकों ने इन फार्मों में 125 वायरस की पहचान की है। साथ ही चेतावनी दी है कि चीन के ये फर फार्म वैश्विक महामारी का केंद्र बन सकते हैं। प्रतिष्ठित नेचर जर्नल में प्रकाशित ताजा अध्ययन में वैज्ञानिकों ने बताया कि उन्होंने चीन के फर फार्मों में मरने वाले 461 जानवरों का अध्ययन किया था। इन जानवरों में वैज्ञानिकों को 125 वायरस मिले। उन्होंने कहा कि इन वायरसों में से 36 नए वायरस थे। 39 वायरस ऐसे थे जो मनुष्यों को संक्रमित रखने का उच्च जोखिम रखते थे।

### दुनिया का सबसे बड़ा फर उत्पादक है चीन

चीन दुनिया का सबसे बड़ा फर उत्पादक है। फर हासिल करने के लिए बड़ी संख्या में फार्म रैकून कुत्ते, मिंक और मस्कट जैसे जानवरों का प्रजनन करते हैं। इन जानवरों को अक्सर अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में पाला जाता है। उन्हें अक्सर समूह में रखा जाता है, जिससे उनके बीच बीमारियों के फैलने का जोखिम बढ़ जाता है। इन फार्म में काम करने वाले लोग अक्सर पर्याप्त सुरक्षा उपायों के बिना काम करते हैं। ऐसे में इंसानों में बीमारियों के फैलने का भी उच्च जोखिम होता है।

### जानवरों में मिला वायरस

अपने अध्ययन में वैज्ञानिकों ने इस तरह की क्रॉस स्पीशीज ट्रांसमिशन का पता लगाा। वैज्ञानिकों ने पाया कि एक नया कैनाइन सांस का कोरोना वायरस रैकून कुत्तों में फैल गया था और बैट ल्ड्ङव5 जैसा कोरोना वायरस मिंक में पाया गया। अध्ययन में वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी की ये डेटा फार्म के जानवरों से जंगली जानवरों के बीच और मनुष्यों से फार्म जानवरों में संभावित वायरस ट्रांसमिशन को भी दिखाते हैं। यह बताता है कि फर फार्मिंग वायरल संक्रमण के लिए महत्वपूर्ण केंद्र का प्रतिनिधित्व करती है।

### अध्ययन के आंकड़े हैं चेतावनी

फर फार्मिंग और जानवरों से संबंधित अन्य व्यावसायिक गतिविधियों का विरोध करने ।

# हवा में लहराने लगा सिंगापुर से चीन जा रहा विमान, 3 क्रू समेत 7 लोग घायल, एयरलाइंस ने बताया क्यों हुआ ऐसा

**सिंगापुरः दक्षिण** पूर्व एशियाई देश सिंगापुर से चीन के ग्वांगझाऊ शहर जा रहा एक विमान तकनीकी खराबी के कारण बीच हवा में लहराने लगा, जिससे उसमें सवार सात लोग घायल हो गए। ह्यद स्ट्रेट्स टाइम्सह्ल की खबर के अनुसार, घायलों में से एक को अस्पताल ले जाया गया है। विमानन कंपनी स्कूट ने कहा कि शुक्रवार सुबह जब विमान ग्वांगझाऊ के पास पहुंचा, तो उसमें कुछ कंपनी खराबी आ गई। कंपनी ने कहा कि बोइंग 787-9



ड्रीमलाइनर विमान स्थानीय समयानुसार सुबह 9.10 बजे अपने गंतव्य पर उतरा।

### चालक दल के तीन सदस्य चोटिल

इसने तड़के लगभग 5.45 बजे सिंगापुर से उड़ान भरी थी। स्कूट ने कहा, 'ग्वांगझाऊ पहुंचने पर चार यात्रियों और चालक दल के तीन सदस्यों को चोट लगने की बात सामने आई, जिनमें से एक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया।' द स्ट्रेट्स टाइम्स ने फ्लाइट-ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटरडार24 के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि स्कूट की उड़ान टीआर100 ने उड़ान भरने के तुरंत बाद चिकित्सा सहायता प्राप्त की।

# भारत के पड़ोस में मौजूद है हवाई जहाज का 'ब्लैक होल'

**बीजिंगः हवाई** जहाज हमेशा से इंसान की प्रतिभा का चमत्कार रहा है। यह हमें कम समय में लंबी दूरी तय करने की इजाजत देता है। आधुनिक विमान खराब मौसम से लेकर मुश्किल ऊंचाई जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए डिजाइन किए गए हैं। हालांकि दुनिया में कुछ ऐसे इलाके हैं जहां उड़ान विशेष तौर से चुनौतीपूर्ण है। ऐसा ही एक क्षेत्र भारत के पड़ोस में मौजूद है। जब भी आप ऑनलाइन फ्लाइट रडार देखेंगे तो आपको विमानों से घिरे इलाके में एक खालीपन दिखाई देगा। इस खोखले इलाके में विमान उड़ने की हिम्मत नहीं करते हैं। यह इलाका तिब्बत का पठार है।

तिब्बती पठार न केवल ऊंचा है बल्कि ऊंचाई से जुड़ी समस्याओं से भरा है। यहां पर माउंट एवरेस्ट की तरह विशाल पर्वत हैं जिनकी चोटियां आसमान में कई किलोमीटर तक ऊंची है। यह निचले वातावरण से काफी अलग वातावरण बनाती है। अत्यधिक ऊंचाई काफी पतली हवा पैदा करता है। इससे एयरक्राफ्ट के इंजन काफी मुश्किलों का सामना करते हैं।

# लाल सागर की लड़ाई में अमेरिका हार रहा है... क्या हूतियों के सामने बेबस हो रही है दुनिया की महाशक्ति

**तेहरानः पश्चिम एशिया** में बीते कुछ महीने में कई बड़े घटनाक्रम देखने को मिले हैं। बीते साल अक्टूबर में हमास की ओर से इजरायल में किए गए घातक हमले के बाद गाजा में युद्ध शुरू हो गया और ये अभी भी जारी है। ईरान और इजरायल के बीच पहली बार बड़े स्तर पर ड्रोन और मिसाइल हमले देखे गए। इस सबके बीच सबसे ज्यादा चोट अमेरिका और उसके सहयोगियों को यमन के हूतियों ने दी है। हूतियों के लाल सागर में हमलों ने काफी समय बाद अमेरिका के सामने समुद्र में एक गंभीर चुनौती पेश की है। हूथियों ने 2023 के अंत में लाल सागर और अदन की खाड़ी को जोड़ने वाले बाब अल-मंडेब में अपने हमले शुरू किए थे, जिनके आगे अमेरिका, इजरायल, ब्रिटेन जैसी शक्तियां बेबस दिखी हैं। इससे ये सवाल उठ रहा है कि क्या अमेरिका लाल सागर में हार रहा है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट कहती है कि अमेरिका ने ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियन के साथ हूतियों को जवाब दिया, इसमें यमन के भीतर हवाई हमले भी शामिल हैं। अमेरिका के हमलों के परिणाम बहुत औसत दर्जे के रहे हैं। हूथियों ने स्वेज नहर के यातायात को आधे से भी कम कर दिया है, इससे मिस्र को टोल राजस्व से वंचित होना पड़ा है। उन्होंने अकाबा की खाड़ी में इजरायली बंदरगाह ईलाट को तो तकरीबन दिवालिया कर दिया है। हूतियों का अभियान बड़ी ताकत अमेरिका की कमजोरी को भी दिखाता है। हूती कोई पारंपरिक सैन्य शक्ति



नहीं हैं, वे यमन पर भी पूरी तरह से नियंत्रण नहीं रखते हैं। इसके बावजूद उन्होंने महत्वपूर्ण समुद्रों तक पहुंच को नियंत्रित करने के लिए ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल किया है और अमेरिका पर भारी पड़ते दिखे हैं। अमेरिका के लिए खड़ी कर रही विरोधियों की धुरी

अमेरिका के विरोधियों की धुरी ने बहुत तालमेल से भी काम किया है। ईरान और हिजबुल्लाह के सहयोग ने हूतियों को ज्यादा खतरनाक हो गए हैं। अमेरिका क्षेत्र में कई संघर्षों के बोझ तले दबा है तो वह नए तनाव से बचना चाहता है। अमेरिका ने बड़े संघर्ष के डर से हूतियों के खिलाफ कड़े कदम उठाने में संकोच किया है। हूतियों ने शिपिंग नेटवर्क पर हमले कर कितना नुकसान किया, ये अलग बात लेकिन एक बड़ी मिसाल जरूर कायम कर दी है। हूतियों ने एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में समुद्र की स्वतंत्रता को खत्म करके दिखा दिया है। अमेरिका की ओर से अभी भी किसी नाटकीय सुधार की उम्मीद नहीं की जा रही है। राष्ट्रपति जो बाइडन अभी भी इजरायल-हमास के बीच युद्ध विराम पर ही ज्यादा जोर दे रहे हैं। ये इसलिए अहम है क्योंकि गाजा में युद्ध रुकने के बाद हूतियों के पास हमलों को लिए कोई कारण नहीं छोड़ेगा।

# ईरान की जुमार्ने की धमकी

**तेहरानः ईरान**-पाकिस्तान गैस पाइपलाइन बीते कई वर्षों से अटकी हुई है। ईरान ने अपनी साइड का काम कर लिया है लेकिन पाकिस्तान इसमें देर करता जा रहा है। प्रोजेक्ट पर लगातार देरी का असर ईरान- पाकिस्तान के संबंधों पर भी हो रहा है। ईरान ने पार्स गैस क्षेत्रों से अपने सीमावर्ती प्रांत सिस्तान-बलूचिस्तान तक के 1100 किलोमीटर के हिस्से को पूरा कर लिया है लेकिन पाकिस्तान अपने बलूचिस्तान और सिंध प्रांत में 780 किमी पाइपलाइन बनाने में फेल रहा है। इससे गुस्साए ईरान ने पाकिस्तान को चेताया है कि वह




समझौते के तहत सितंबर 2024 तक निर्माण नहीं करने पर 18 बिलियन डॉलर का जुमार्ना देना पड़ सकता है। पाकिस्तान के लिए एक तरफ ईरान का डर है तो दूसरी ओर अमेरिका है।

मामले को अदालत में ले जा सकता है। वहीं पाकिस्तान इस पर आगे बढ़ा तो अमेरिका नाराज हो जाएगा। अल मॉनीटर की रिपोर्ट के मुताबिक, इस परियोजना को लेकर पाकिस्तान और ईरान के बीच दो समझौते हुए हैं। पाकिस्तान को

गैस पाइपलाइन पर आगे बढ़ने पर अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में पाकिस्तान अपने विकल्पों को तलाश रहा है।

# पेइचिंग शिखर सम्मेलन से अफ्रीका और चीन के बीच सहयोग की दिशा स्पष्ट होगी

**बीजिंग। कई** अफ्रीकी देशों की मीडिया संस्थाओं का ध्यान हाल में चीन-अफ्रीका सहयोग मंच के पेइचिंग शिखर सम्मेलन पर केंद्रित हुआ है। उनके विचार में वर्तमान शिखर सम्मेलन से अफ्रीका और चीन के बीच सहयोग की दिशा स्पष्ट होगी और इसमें नई उम्मीद जगेगी।

रवांडा के अखबार 'नया समय' ने लेख प्रकाशित कर कहा कि वर्तमान शिखर सम्मेलन के दौरान अफ्रीकी देशों और चीन के नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए नया खाका तैयार किया। शिखर सम्मेलन में संपन्न घोषणा पत्र में मुख्य मुद्दों पर अफ्रीका और चीन के बीच आम सहमति जुटाई गई और भविष्य में उच्च गुणवत्ता वाले सहयोग की योजना बनाई।




दक्षिण अफ्रीका के अखबार 'राजनयिक चक्र' के संस्थापक केतन बुहाना ने कहा कि पेइचिंग शिखर सम्मेलन अफ्रीका और चीन के बीच सहयोग मजबूत करने और सहयोग को नए स्तर पर पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण है। साझा दृष्टिकोण, रणनीतिक संपर्क और उच्च गुणवत्ता वाले विकास पर वचन के जरिए अफ्रीका-चीन संबंध समृद्ध और संतुलित नए वैश्विक युग के निर्माण में मदद करेंगे।

घाना मीडिया 'घानानेट' ने टिप्पणी जारी कर कहा कि पेइचिंग शिखर सम्मेलन अफ्रीका और चीन के बीच सहयोग का भविष्य निश्चित करेगा और व्यापार, निवेश, तकनीक और शासन में सहयोग का विस्तार करेगा।

सेनेगल के राष्ट्रपति ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया कि पेइचिंग शिखर सम्मेलन में उद्योग, कृषि, ऊर्जा और डिजिटल प्रौद्योगिकी का समर्थन करने के लिए ठोस वचन दिया गया। भविष्य में सेनेगल और चीन विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग जारी रखेंगे।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, पांच लोगों की मौत

**इंफाल। मणिपुर** एक बार फिर हिंसा की आग में झुलस रहा है। शुक्रवार से शुरू हुई हिंसा शनिवार को दूसरे दिन भी जारी है। बताया जा रहा है कि हिंसा के दौरान मैतेई समुदाय के एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। इस घटना के जवाब में जिरीबाम जिले में चार कुकी उग्रवादियों को मार दिया गया है। दरअसल, मणिपुर में हिंसा का ताजा दौर दक्षिणी असम से सटे जिरीबाम जिले के सेरो, मोलजोल, रशीदपुर और नुंगचप्पी गांवों से शुरू हुआ है। शनिवार सुबह 10 बजे तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। फायरिंग के कारण वहां हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं।

मणिपुर के जिरीबाम जिले में भड़की हिंसा को रोकने के लिए असम राइफल्स, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और मणिपुर पुलिस के कमांडो की टीम को तैनात किया गया है।



एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने बीते मंगलवार को जिरीबाम जिले के अलग-अलग इलाकों में हमला करना शुरू किया था। इस दौरान मैतेई समुदाय के एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। पता चला है कि मृतक घटना के दौरान सो रहा था।

अधिकारी के मुताबिक, बुजुर्ग की हत्या के बाद चार कुकी उग्रवादियों को मार दिया गया है। हालांकि, पुलिस की ओर से यह स्पष्ट नहीं है कि जवाबी हमला किसकी ओर से किया गया है।

कुकी आदिवासी नेताओं ने दावा किया कि मारे गए लोग उग्रवादी नहीं थे बल्कि वे ग्राम स्वयंसेवक थे।

इस बीच, मणिपुर सरकार ने शनिवार को राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने का आदेश दिया। साथ ही तनावपूर्ण हालात को देखते हुए सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रहने और उग्रवाद रोधी अभियानों को तेज करने का आदेश दिया है।

इससे पहले मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री मैरेम्बम कोइरेंग के विष्णुपुर जिले में स्थित आवास पर बम से हमला किया गया था। इस बम विस्फोट में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई थी और छह अन्य घायल हो गए थे। पुलिस के अनुसार, बम को काफी दूर से फेंका गया था, जो पूर्व मुख्यमंत्री के आवास के परिसर में गिरा। इस घटना के दौरान कोइरेंग और उनके परिवार के सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे। मृतक की पहचान आरके रबेई के रूप में हुई।

# चीन पर पूरी तरह से निर्भर हुआ रूस

**मॉस्कोः यूक्रेन** के युद्ध में उतरने के बाद से ही भारत का दोस्त रूस लगातार आर्थिक और रणनीतिक रूप से चीन पर निर्भर होता जा रहा है। एक नए अध्ययन में इसका खुलासा हुआ है। तक्षशिला इंस्टीट्यूट में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया है कि रूस और चीन के संबंधों में कुछ पहलुओं में समानता के बावजूद अब यह बीजिंग के पक्ष में ज्यादा झुका हुआ है। 'चीन-रूस संबंधः शक्ति विषमता का आकलन' वाले शीर्षक से लिखे गए इस शोध पत्र में शोधकर्ता अमित कुमार ने पाया है कि इस विषमता ने रूस को चीन पर बहुत ज्यादा निर्भर बना दिया है।

यह शोध ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और पश्चिम को कमजोर करने के लिए रूस और चीन विश्व मंच पर मिलकर काम कर रहे हैं। दोनों ने अपनी दोस्ती को 'बिना किसी सीमा' वाली बताया है। बीजिंग और मॉस्को ने ईरान और उत्तर कोरिया के साथ मिलकर पश्चिम विरोधी गुट बनाया है। इन देशों की अधिनायकवादी सरकारों ने पश्चिम के आर्थिक दबाव को दरकिनार करने के लिए अर्थव्यवस्थाओं और व्यापार को जोड़ रखा है।